जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

हिण्डौनसिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौनसिटी, शनिवार 2 मई, 2026


## आन्दोलन अशुद्ध के विरुद्ध

KEDIA™ Pavitra

FIXED PRICE

### टिक लगाओ, ग्रोसरी मँगाओ

विज्ञापन में दी हुई प्रोडक्ट्स लिस्ट पर Tick (✓) लगायें और इस Whatsapp नंबर 90704 90704 पर भेजे

**FLOUR**
- Deshi Chakki Aata 5 Kg ₹ 250
- Sharbati Superior Aata 5 Kg ₹ 350
- Suji (Semolina) 500 g ₹ 45
- Wheat Dalia 500 g ₹ 45
- Besan 500 g ₹ 70
- Masala Sattu 500 g ₹ 100

**GRAINS**
- Deshi Wheat 10 kg ₹ 450
- Sharbati Wheat 10 kg ₹ 650

**PULSES**
- Chana Dal 500 g ₹ 70
- Arhar/Toor Dal 500 g ₹ 95
- Urad Dal (Chilka) 500 g ₹ 95
- Urad Dal 500 g ₹ 95
- Masoor Dal 500 g ₹ 95
- Masoor Malka 500 g ₹ 95
- Moong Dal (Chilka) 500 g ₹ 95
- Moong Dal 500 g ₹ 95
- Moth 500 g ₹ 125
- Green Moong (Whole) 500 g ₹ 125
- Rajma Chitra 500 g ₹ 125
- Rajma Kashmiri 500 g ₹ 125
- Red Rajma 500 g ₹ 125
- Kabuli Chana 500 g ₹ 125
- Kala Chana 500 g ₹ 125
- Green Chana 500 g ₹ 125
- Green Peas 500 g ₹ 125
- Mini Soya Chunks 500 g ₹ 100

**WHOLE SPICES**
- Cumin/Jeera (Whole) 250 g ₹ 125
- Fennel Seeds (Saunf) 200 g ₹ 95
- Coriander (Whole) 200 g ₹ 95
- Clove (Laung) 50 g ₹ 120
- Black Pepper (Kali Mirch) 50 g ₹ 110
- Cinnamon (Dalchini) 50 g ₹ 140
- Green Cardamom (Elaichi) 50 g ₹ 380
- Methi Dana 200 g ₹ 45
- Kasuri Methi 50 g ₹ 65
- Red Mustard Seeds (Rai) 200 g ₹ 85
- Ajwain 200 g ₹ 95
- Imli 200 g ₹ 100

**POWDERED SPICES**
- Lakadong Turmeric Powder 250 g ₹ 250
- Red Chilli Powder 250 g ₹ 150
- Coriander Powder 250 g ₹ 100
- Amchur Powder 100 g ₹ 95
- Himalayan Pink Rock Salt 1 kg ₹ 100
- Toofani Hing (Asafoetida) 10 g ₹ 400
- Masala Combo

**BLENDED SPICES**
- Kitchen King Masala 100 g ₹ 100
- Garam Masala 100 g ₹ 100
- Sabji Masala 100 g ₹ 100
- Shahi Paneer Masala 100 g ₹ 100
- Dal Makhani Masala 100 g ₹ 100
- Rajma Masala 100 g ₹ 100
- Chana Masala 100 g ₹ 100
- Pav Bhaji Masala 100 g ₹ 100
- Sambhar Masala 100 g ₹ 100
- Chaat Masala 100 g ₹ 100
- Chaach Masala 100 g ₹ 100
- Raita Masala 100 g ₹ 100
- Jaljeera Masala 100 g ₹ 100
- Poha Masala (Indori Jeeravan) 100 g ₹ 100
- Tea Masala 100 g ₹ 100

**SNACKS**
- Cheese & Herbs Makhana 35 g ₹ 100
- Magic Masala Makhana 35 g ₹ 100
- Sour Cream & Onion Makhana 35 g ₹ 100
- Himalayan Pink Salt & Black Paper Makhana 35 g ₹ 100
- Himalayan Pink Salt Makhana 35 g ₹ 100
- Roasted Chana 500 g ₹ 100

**DRY FRUITS**
- California Almonds 250 g ₹ 400
- Cashew Nuts 250 g ₹ 400
- Pistachios 250 g ₹ 500
- Raisins 250 g ₹ 250
- Walnuts 250 g ₹ 600
- Mamra Almonds 250 g ₹ 1,250
- Makhana 100 g ₹ 250
- Anjeer 250 g ₹ 600
- Medjool Dates 250 g ₹ 600
- Groundnut 500 g ₹ 145
- Dry Fruits Combo ₹ 1,100

**RICE & POHA**
- Platinum Sharbati Rice 1 kg ₹ 120
- Elite Basmati Rice 1 kg ₹ 150
- Indori Poha 500 g ₹ 75

**SWEETENERS**
- Deshi Jaggery 500 g ₹ 60
- Deshi Jaggery Powder 500 g ₹ 70
- Mishri Dhaga 500 g ₹ 140
- Mishri Powder 500 g ₹ 145

**TEA**
- Tea 500 g ₹ 300

**EDIBLE OILS**
- Kachi Ghani Mustard Oil 1 ltr ₹ 300
- Filtered Groundnut Oil 1 ltr ₹ 300
- Kachi Ghani Mustard Oil 15 ltr ₹ 4000
- Filtered Groundnut Oil 15 ltr ₹ 4000

57000 + RETAILERS | SUPERMARKETS | ZEPTO | WEBSITE | WHATSAPP | APP | TOLL FREE

## केडिया पवित्र प्रोडक्ट्स महँगे हैं क्योंकि क्वॉलिटी कभी सस्ती नहीं आती !

कॉल लगाओ, गाड़ी बुलाओ

**1800-120-2727**

ORDER ON WEBSITE | ORDER ON WHATSAPP | ORDER ON APP | ORDER ON ZEPTO

T&C Apply



www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड, जयपुर

## रियल एस्टेट में रियल रिटर्न्स

₹4000/- Sq ft में फ्लैट | ₹5000/- Sq ft में कोठी

FIXED PRICE

NO MIDDLE MEN

### FIXED PRICE

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | PRESENT RATE | POSSESSION RATE (DEC. 2026) |
|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 65 LACS | 80 LACS |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 75 LACS | 90 LACS |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 80 LACS | 1 CRORE |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 1.05 CRORE | 1.25 CRORE |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 1.26 CRORE | 1.50 CRORE |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.60 CRORE | 2 CRORE |

### अब हर महीने रेट बढ़ेगी

| PRESENT RATE | MAY 2026 | JUNE 2026 | JULY 2026 | AUG. 2026 | SEPT. 2026 | OCT. 2026 | NOV. 2026 | DEC. 2026 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 65 LACS | 66 LACS | 68 LACS | 70 LACS | 72 LACS | 74 LACS | 76 LACS | 78 LACS | 80 LACS |
| 75 LACS | 76 LACS | 78 LACS | 80 LACS | 82 LACS | 84 LACS | 86 LACS | 88 LACS | 90 LACS |
| 80 LACS | 82.5 LACS | 85 LACS | 87.5 LACS | 90 LACS | 92.5 LACS | 95 LACS | 97.5 LACS | 1 CR |
| 1.05 CR | 1.075 CR | 1.10 CR | 1.125 CR | 1.15 CR | 1.175 CR | 1.20 CR | 1.225 CR | 1.25 CR |
| 1.26 CR | 1.29 CR | 1.32 CR | 1.35 CR | 1.38 CR | 1.41 CR | 1.44 CR | 1.47 CR | 1.50 CR |
| 1.60 CR | 1.65 CR | 1.70 CR | 1.75 CR | 1.80 CR | 1.85 CR | 1.90 CR | 1.95 CR | 2 CR |

KEDIA® | 1800-120-2323 | info@kedia.com www.kedia.com 78770-72737

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

जैसे सूर्योदय के होते ही अंधकार दूर हो जाता है वैसे ही मन की प्रसन्नता से सारी बाधाएँ शांत हो जाती हैं। -अमृतलाल नागर

# युवाओं में थकान और तनाव को नजरअंदाज नहीं करें

ऑफ़िस ऑफ़ नेशनल स्टैटिस्टिक्स ओएनएस के एक सर्वे में देशवासियों को युवाओं में थकान और तनाव को नजरअंदाज करने पर सचेत किया है। सर्वे में यह बात सामने आई है कि आज का युवा वर्ग एंग्जायटी यानी चिंता का सबसे ज्यादा शिकार है। यह समस्या न केवल व्यक्तिगत खुशियों को छीन रही है, बल्कि इसके कारण अर्थव्यवस्था को भी करोड़ों के कार्य दिवसों का नुकसान हो रहा है। युवाओं में तनाव बढ़ना एक गंभीर संकेत है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम लोग थकान और तनाव को सामान्य मानकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन ओएनएस के ताज़ा सर्वे में बताया गया है, एक खास पीढ़ी के लगभग आधे लोग एक ही तरह की मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, 1997 से 2010 के बीच पैदा हुए लगभग आधे लोग एक ही तरह की मानसिक स्थिति का सामना कर रहे हैं। सर्वेक्षण में पाया गया कि 16 से 29 वर्ष की आयु के लगभग 43 प्रतिशत युवाओं ने एंग्जायटी के उच्च स्तर की शिकायत की है, जबकि अन्य वयस्कों के लिए यह आंकड़ा 33 प्रतिशत है। इस स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एंग्जायटी को मैनेज करने के लिए लोग काम से छुट्टियां ले रहे हैं, जिससे देश भर में लाखों वर्किंग डेज का भारी नुकसान हो रहा है।

बदलती जीवनशैली, प्रतियोगिताओं का दबाव और सोशल मीडिया के प्रभाव को युवाओं में मानसिक तनाव का प्रमुख कारण बताया जा रहा है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में तनाव ने हर किसी को बेचैन कर रखा है। बच्चों को परीक्षा की टेंशन है तो युवाओं को परीक्षा के साथ नौकरी, बेहतर करियर की। नौकरी पेशा लोग पारिवारिक, बिगड़े बजट व अन्य कारणों से तनाव में है। तनाव से पढ़ाई और दिनचर्या पर असर पड़ता है। ध्यान भटकता है और पढ़ाई में मन नहीं लगता। इस तनाव की वजह से कम उम्र में ही युवा डिप्रेशन के शिकार होने लगे हैं। आज का युवा जहां एक ओर अपने कॅरिअर को लेकर सजग है, वहीं दूसरी ओर वह लगातार मानसिक दबाव से भी जूझ रहा है। यही नहीं काम करने वाले युवा यानि जो नौकरी कर रहे हैं उनके अंदर ठहराव, लगन और काम के लिए पैशन बहुत कम है। जरा-जरा सी बातों पर स्ट्रेस लेने लगते हैं। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियां तेजी से युवाओं को प्रभावित कर रही हैं और इसका असर न केवल उनकी सोच और व्यवहार पर बल्कि उनके शारीरिक स्वास्थ्य पर भी दिखाई दे रहा है।

**हाल की में हुई एक स्टडी में भी ऐसे ही आंकड़े सामने आए हैं। जिसमें 25 साल के युवा कर्मचारियों में से 90 प्रतिशत का मन और दिमाग बेचैन पाया गया है। जिसकी वजह से कई बार अपने आप को हानि पहुंचाने तक के ख्याल इनके मन में आने लगते हैं। तनाव और डिप्रेशन से बचना है तो सबसे पहले हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं। मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए अच्छी नींद लेना बहुत जरूरी है। रात में 6-8 घंटे की नींद से कई विकारों को दूर किया जा सकता है।**

हाल की में हुई एक स्टडी में भी ऐसे ही आंकड़े सामने आए हैं। जिसमें 25 साल के युवा कर्मचारियों में से 90 प्रतिशत का मन और दिमाग बेचैन पाया गया है। जिसकी वजह से कई बार अपने आप को हानि पहुंचाने तक के ख्याल इनके मन में आने लगते हैं। तनाव और डिप्रेशन से बचना है तो सबसे पहले हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं। मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए अच्छी नींद लेना बहुत जरूरी है। रात में 6-8 घंटे की नींद से कई विकारों को दूर किया जा सकता है।

आज की भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में काम का दबाव और समय का प्रबंधन हम पर इस कदर हावी हो चुके हैं कि हमारा मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ा रहा है। सोशल मीडिया के बारे में यह कहा जाता है यह प्लेटफ़ॉर्म शैक्षिक मनोरंजन और ज्ञान विज्ञानं का बड़ा साधन है। वहीं यह कहने वाले भी कम नहीं है कि सोशल मीडिया की लत से युवा वर्ग मानसिक तनाव, डिप्रेशन, नींद की दिक़्क़त, ग़ुस्सा जैसी समस्याओं का शिकार हो रहे हैं। सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। अनेक अध्ययनों में यह खुलासा हुआ है कि मानसिक तनाव का एक मुख्य कारक सोशल मीडिया भी है। सोशल मीडिया ने युवाओं को अपनी चपेट में ले लिया है। युवाओं के हाथों में हर समय मोबाइल देखा जा सकता है। दिनभर मोबाइल के प्रयोग से मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ाने लगा है। आज बच्चे से बुजुर्ग तक मानसिक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक कल्याण की स्थिति और न केवल बीमारी या दुर्बलता की अनुपस्थिति के रूप में परिभाषित किया है। मानसिक स्वास्थ्य को मानसिक कल्याण के रूप में परिभाषित किया है जिसमें एक व्यक्ति अपनी क्षमताओं का एहसास करता है, जीवन के सामान्य तनावों का सामना कर सकता है, सही से काम कर सकता है और अपने समुदाय में योगदान करने में सक्षम होता है। इस सकारात्मक अर्थ में, मानसिक स्वास्थ्य को व्यक्तिगत भलाई और एक समुदाय के प्रभावी कामकाज की नींव कहा जा सकता है मानसिक स्वाास्थ्यक एक गंभीर समस्या के तौर पर देखी जाती है।

मानसिक स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी है कि आप शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण गुड हार्मानसेरोटोनिन का रिलीज कम हो जाता है, जो सीधे तौर पर मूड को ठीक रखने के लिए आवश्यक है। इसका हमारे शरीर पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे शरीर में लचीलापन बढ़ता है, रक्त प्रवाह बढ़ता है और इससे मूड सुधरने लगता है। इस स्थिति में आपमें सकारात्मक भावनाओं की कमी हो सकती है। हर दिन केवल 30 मिनट पैदल चलने से आपके मूड को बेहतर बनाने और आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। काम से समय निकाल कर हर दिन एक्सरसाइज करें। मन को शांत रखने के लिए योग बेहतरीन अभ्यास है। संतुलित आहार और भरपूर पानी पूरे दिन आपकी एनर्जी और फोकस में सुधार कर सकता है। कोल्ड ड्रिंक या कॉफी जैसे कैफीन युक्त ड्रिंक्स का सेवन सीमित करें।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल शनिवार 2 मई, 2026



पंडित अनिल शर्मा

प्रथम ज्येष्ठ मास (शुद्ध), कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2083, विशाखा नक्षत्र रविवार प्रातः 7:10 तक, व्यतिपात योग रात्रि 9:45 तक, बालव करण दिन 11:31 तक, चन्द्रमा रात्रि 12:30 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मीन, बुध-मेष, गुरू-मिथुन, शुक्र-वृष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

त्रिपुष्कर योग रात्रि 12:50 से आरम्भ होगा। बुध अस्त पूर्व में रात्रि 12:56 पर होगा। आज श्री नारद जयन्ती, व्यतिपात पुण्यं है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 7:30 से 9:08 तक, चर 12:24 से 2:02 तक, लाभ-अमृत 2:02 से 5:18 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:52, सूर्यास्त 6:56

### मेष
व्यक्तिगत कार्य के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त कार्य करना पड़ सकता है। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

### सिंह
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज परिजनों के सहयोग से अटके हुए कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा।

### धनु
आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

### वृष
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### कन्या
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

### मकर
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### तुला
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति ठीक रहेगी। आज आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### कुंभ
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### वृश्चिक
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

### मीन
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। स्वभाव की तेजी के कारण परिवार में अनावश्यक वाद-विवाद हो सकते हैं। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

# अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध और नया हथियार : एक दीर्घगामी दुष्प्रभाव



डॉ. सुरेन्द्र पाल वर्मा

**■ ईरान-अमेरिका युद्ध जहां एक ओर समझौते के तराजू पर झूल रहा है वहीं दूसरी ओर ईरान अपने यूरेनियम सम्वर्धन एवं हार्मुज नियंत्रण की शर्त पर अड़ा हुआ है, वैसे तो इस युद्ध का दीर्घगामी प्रभाव हर क्षेत्र पर रहेगा, लेकिन इस युद्ध का अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष प्रभाव पानी की गुणवत्ता पर अगले दो सौ से चार सौ वर्षो तक रहने का अनुमान है**

अमेरिका इजरायल द्वारा ईरान पर ताबड़तोड़ हमले एवं ईरान द्वारा खाड़ी देशों एवं इजराइल के सैन्य ठिकानों पर हमले से जहां एक और वैश्विक अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है वहीं सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक विरासत भी पर भी बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ईरान-अमेरिका युद्ध जहां एक ओर समझौते के तराजू पर झूल रहा है वहीं दूसरी ओर ईरान अपने यूरेनियम सम्वर्धन एवं हार्मुज नियंत्रण की शर्त पर अड़ा हुआ है। वैसे तो इस युद्ध का दीर्घगामी प्रभाव हर क्षेत्र पर रहेगा लेकिन इस युद्ध का अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष प्रभाव पानी की गुणवत्ता पर अगले दो सौ से चार सौ वर्षों तक रहने का अनुमान है। ईरान में पानी की स्थिति पहले भी गंभीर थी युद्ध के दौरान और गंभीर हो गई।

ईरान एवं खाड़ी देश दुनिया के सबसे पानी संकट देशों में से एक है। इन देशों में 5-6 साल से सूखा पड़ रहा है। भूजल के अत्यधिक दोहन से तीव्र जल संकट हो गया है। तेहरान जीरो डे घोषित हो चुका है, जलाशयो में केवल 6 से 10 प्रतिशत पानी ही बचा है। मिडिल ईस्ट में पानी को नया हथियार बनाया जा रहा है। अमेरिका द्वारा ईरान के डिसेलीनेशन संयंत्रो पर एवं ईरान द्वारा खाड़ी देशों के डिसेलीनेशन प्लांट पर हमला करने से यह युद्ध जल युद्ध का रूप लेने लगा है और पानी को इस युद्ध में 'नये हथियार' की संज्ञा दी जा रही है।

परमाणु हमले से कई रेडियोएक्टिव तत्वों का उत्सर्जन होता है जो भूजल में घुलकर जल गुणवत्ता को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। युद्ध के दौरान जल प्रदूषण के साथ वायु प्रदूषण व ध्वनि प्रदूषण भी आम बात है। ईरान एवं खाड़ी देशों के औद्योगिक क्षेत्रों में कई रसायनों का उत्पादन होता है ऐसे क्षेत्र पर मिसाइलों से हमले होने से कई प्रकार की जहरीली गैसे निकलती है जो पानी के माध्यम से फेफड़ों में कैंसर एवं त्वचा में कैंसर को बढ़ा देती है। साथ में कई प्रकार के रसायनों का उत्सर्जन होता है फिर वही रसायन भूजल में मिलकर भूजल क्वालिटी को बुरी तरह प्रभावित करते हैं। अमेरिका द्वारा ईरान के औद्योगिक क्षेत्र में पावर प्लांट, केमिकल प्लांट एवं स्टील प्लांट में भारी तबाही से उत्सर्जित रसायनों के भूजल में घुलने से भूजल की गुणवत्ता इतनी खराब हो गई है कि आने वाले समय में इस भूजल के प्रयोग से फ्लोरोसिस, कैंसर, मेथिमोग्लोबेनिमिया, रोगप्रतिरोधक क्षमता का कमजोर, आनुवंशिक रोगएवं डीएनए में स्थाई क्षति जैसे रोग होने की संभावनाएं कई गुना बढ़ जाएगी। यह युद्ध कंठ सुखा रहा है। युद्ध में खाड़ी देशों के कई डिसेलीनेशन संयंत्रो (कुवैत, यूएई एवं बहरीन) पर हमले से वहां के लोगों की भूजल पर निर्भरता बढ़ रही है और भूजल गुणवता इस युद्ध में बद से बदतर हो रही है। अगर अमेरिका इजरायल द्वारा ईरान पर परमाणु हमला करता है तो इससे 15 से 20 किलोमीटर के दायरे में यूरेनियम उत्सर्जित होगा जो भूजल में घुलकर वर्षो तक मानव जाति के लिए एक अभिशाप बनकर रह जाएगा।

ईरान एवं अमेरिका के पास मिसाइलों एवं ड्रोन्स का जखीरा पड़ा है। अमेरिका द्वारा ईरान पर एवं ईरान द्वारा खाड़ी देशों पर सैकड़ो हजारों मिसाइलें दागी गई है। मिसाइलों एवं ड्रोन्स के हमले से मिसाइलों के अपशिष्ट हेवी मेटल एवं अन्य केमिकल भूजल में विलय होने से इन देशों को दीर्घगामी दुष्परिणाम भुगतने होंगे। मिसाइल में दो प्रकार के ईंधन प्रयुक्त होते हैं ठोस ईंधन एवं तरल ईंधन। ठोस ईंधन के अंतर्गत अमोनियम परक्लोरेट, एल्युमिनियम ऑक्साइड प्रयुक्त होते है।

इसी प्रकार तरल ईंधन में हाइड्रोक्लोरिक एसिड, हाइड्रेजीन, नाइट्रस ऑक्साइड एवं नाइट्रिक एसिड प्रयुक्त होते है। अपशिष्ट के रूप में क्रोमियम, जिंक, आयरन, तांबा, पारा, सीसा, सीजियम, स्ट्रोंशियम, आर्सेनिक, प्लूटोनियम, टीएनटी, आरडीएक्स, एचएमएस का उत्सर्जन होता है। अमोनियम परक्लोरेट भूजल में प्रचुर मात्रा में रिसता है और भूजल खराब करता है यह थायराइड ग्रंथि में आयोडीन के अवशोषण को रोकता है और हाइपोथायराइडिज्म रोग हो जाता है जिससे बाल झड़ना, डिप्रेशन, थकान,वजन बढ़ना, भ्रूण के मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करना जैसी बीमारियां पनपने लगती है। एल्युमिनियम ऑक्साइड से अल्जाइमर रोग, डिमेंशिया, ऑस्टियोमलेशिया, कैल्शियम और फॉस्फेट अवशोषण में कमी, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इरिटेशन, एनिमिया का जोखिम बढ़ जाता है। फेफड़े का कैंसर करता है गर्भवती और महिलाओं एवं बच्चों में मस्तिष्क का विकास नहीं हो पाता है। नाइट्रोजन ऑक्साइड से भूजल में नाइट्रेट की मात्रा बढ़ती है जिससे नवजात बच्चों में मेथिमोग्लोबेनिमिया रोग हो जाता है। हाइड्रोक्लोरिक एसिड से आंखों तथा सांस नली में जलन तथा हाइड्रेजीन कैंसर कारक होता है। मिसाइलों के वारहेड से टीएनटी, आरडीएक्स एचएमएस निकलता है जो भूजल में मिलकर भूजल क्वालिटी खराब करते हैं और तंत्रिका तंत्र क्षति, मांसपेशियों में ऐंठन, हीमोग्लोबिन में कमी, स्मृति हानि, कैंसर एवं लीवर किडनी क्षति करता है।

मिसाइल के टुकड़ों से क्रोमियम, जिंक, आयरन, तांबा, पारा, सीसा, सीजियम, स्ट्रोंशियम, आर्सेनिक, प्लूटोनियम आदि प्रचुर मात्रा में भूजल में घुलकर किडनी एवं लीवर कैंसर जैसे रोग करते है। तरल ईधन से निकलने वाले नाइट्रस ऑक्साइड एवं नाइट्रिक एसिड मिलकर एसिड रेन करते हैं जो भूजल को खराब कर रहे हैं। तरल ईंधन नाक व गले में जलन, खांसी, फेफड़ों में सूजन, सर दर्द, उल्टी, आंख व त्वचा में जलन, लिवर, किडनी क्षति, रक्त संबंधी समस्याए हाइड्रेजीन से फेफड़ों का कैंसर, शुक्राणु कम बनना एवं महिलाओं में अंडाश्य प्रभावित होता है। पेट्रोलियम एवं रसायनों के जलने से ब्लैक कार्बन और साइनाइड निकलती है जो पर्यावरणीय तंत्र के साथ भूजल गुणवत्ता को भी नुकसान पहुंचाते हैं। ईरान में वर्तमान में 959 जल विश्लेषण की प्रयोगशालाएं हैं जिनमें साढे. चार करोड़ पानी के नमूने जांचे जाते हैं।

अमेरिकी हमले से जल विश्लेषण जांच प्रक्रिया प्रभावित हो रही है जिसे शुद्ध पेयजल मुहैया नहीं हो पा रहा है क्योंकि परीक्षण समय पर नहीं हो पा रहे है। खाड़ी देशों के समूह जीसीसी (सऊदी अरब, यूएई, कुवैत, कतर, बहरीन, ओमान) में लगभग चार सौ डिसेलिनेशन प्लांट है जिससे दस करोड लोग पानी पीते हैं। इनमें से 56 प्लांट ईरान की मिसाइलों की रेंज में है जो 90 प्रतिशत पेयजल उपलब्ध कराते हैं। प्लांट पर हमले से सोडियम हाइपोक्लोराइट लीक होने पर रासायनिक प्रदूषण बढ़ जाएगा और श्वास एवं आंख संबंधी रोग बढ़ सकते हैं। तेल डिपो, रिफाइनरी, गैस संयंत्रो पर हमले से हेवी मेटल उत्सर्जित होते हैं। लेड, केडमियम, क्रोमियम सल्फर जो भूजल में मिलकर भूजल क्वालिटी खराब कर रहा है। समुद्री क्षेत्र में तेल रिसाव होने से डिसेलीनेशन संयंत्रो के इन्टेक पानी दूषित हो सकता है। हालांकि अभी भी इजरायल अमेरिका द्वारा ईरान पर परमाणु हमले की आशंका जताई जा रही है।

परमाणु हमले के दौरान नाभकीय विस्फोट से रेडियोएक्टिव तत्वों का उत्सर्जन होता है इससे यूरेनियम और प्लूटोनियम परमाणुओं का विखंडन होता है जिससे सैकड़ो रेडियोएक्टिव रसायन उत्पन्न होते हैं जो भूजल में घुलकर भूजल को खतरनाक रूप से प्रदूषित करते हैं। यूरेनियम की मात्रा पेयजल में तीस पीपीबी से अधिक होने पर रोग पैदा करते है। इससे किडनी क्षति, लिवर में सूजन, सर दर्द, नर्वस सिस्टम क्षति, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, प्रजनन क्षमता प्रभावित, इम्यूनिटी कमजोर, बच्चों एवं गर्भवती में विकास संबंधी समस्याएं होती है। परमाणु हमले से उत्सर्जित रासायनिक तत्व और उनके रेडियोएक्टिव आइसोटोप (आयोडीन, स्ट्रॉन्शियम, सीजियम, रूथेनियम, सीरियम एवं प्लूटोनियम) शरीर पर बुरा प्रभाव डालते हैं। आयोडीन भूजल के जरिए बच्चों में प्रवेश कर थायरायड ग्रथियों में जमा हो जाता है और थायरायड कैंसर कर देता है।

स्ट्रोंन्शियम हड्डियों और दांतों में जमा हो जाता है जिससे हड्डी कैंसर, रक्त कैंसर, अस्थि मज्जा को नुकसान पहुंचता है। सीजियम पूरी मांसपेशियों में फैल जाता है जो पूरे शरीर में कैंसर, हृदय रोग मांस पेशियां कमजोर कर देता है। रूथेनियम त्वचा और फेफड़ों में जलन पैदा करता है। सीरियम फेफड़े और लीवर में जमा होकर कैंसर पैदा करता है। यदि बम पूरी तरह से विखंडित ना हो तो प्लूटोनियम अल्फा कण छोड़ते हैं जो फेफड़ों व हड्डियों में कैंसर करता है। कहने का तात्पर्य यह है कि परमाणु बम के विस्फोट से ना केवल बड़े स्तर पर मौतें होगी बल्कि इससे अगले कई वर्षों तक कैंसर के साथ साथ डीएनए क्षति, आनुवंशिक रोग बढ़ते चले जाएगें जिस पर नियंत्रण पाना लगभग असंभव सा होगा। यह युद्ध कई मायनों में मानव जाति को एक सबक सीखाकर जाएगा क्यों कि इस युद्ध के प्रभाव अभी सामने नहीं आयेगें लेकिन जिस प्रकार हिरोशिमा एवं नागासाकी में हुए नुकसान को आज तक जनता जिस प्रकार भिन्न-भिन्न बीमारियों के रूप में भुगत रही है यह युद्ध भी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हिरोशिमा एवं नागासाकी हमले में हुए विनाश की पुनरावृति और अधिक तीव्रता से करेगा जिससे बीमारियां पीढ़ी दर पीढ़ी आनुवंशिक रोगों का रूप ले लेगी। मानव जाति के लिए ईरान अमेरिका का युद्ध ही नहीं वरन् हर वो युद्ध खतरनाक है जो रासायनिक प्रदूषण को बढ़ाता है।

**–डॉ. सुरेन्द्र पाल वर्मा,**
**वरिष्ठ रसायनज्ञ ( वाटर क्वालिटी ऑफिसर )**

# लंदन डायरी : इंग्लैंड के कैम्बर सैंड्स में राजस्थान के बालू रेत के टीलों की महक

इंग्लैंड में रेतीले समुद्र बीच की जानकारी मिलने पर वहां जाने की उत्कंठा हुई। रविवार को अवकाश होने के कारण रेत के इस समुद्र तट पर सपरिवार जाने का फैसला किया। साउथ लंदन स्थित हमारे घर से लगभग पौने दो घंटे ड्राइव के बाद हम लोग पहुंचे। कैम्बर सैंड्स इंग्लैंड के ईस्ट ससेक्स में राई के पास कैम्बर गांव में एक समुद्र तट है। यह यूके का सबसे लंबा रेतीला बीच है।

कैम्बर सैंड्स रेतीले बीच का एक शानदार हिस्सा है। इसे देखकर एक बारगी राजस्थान के बालू रेत के टीलों का एहसास हुआ। मौसम 20 डिग्री था मगर ठंडी हवाएं चल रही थी। रेत पर मेट बिछाकर खाने पीने का इंतज़ाम किया। बच्चे पहले रेत में और फिर बीच में घूमे फिरे और नहाये । इस समुद्र के बीच में मुलायम रेत और लगातार समुद्री किनारों पर आ रही लहरें आनंदित करने वाली थी। समुद्र का पानी आमतौर पर ठंडा होने से अनंत जलराशि वाले समुद्र की शांत लहरों का आनंद लिया जा सकता है। यहाँ मीलों फैले समुद्र का दृश्य मन को मोह लेने वाला है। समुद्र के पानी को छू कर आती ठण्डी लहरें तन मन को हर्षित और रोमांचित करने वाली थी । चीड़ के टीलों से घिरे अपने बड़े रेतीले बीच के लिए मशहूर, यह तट शांति और एडवेंचर की तलाश करने वाले टूरिस्ट के लिए ज़रूर घूमने की शानदार जगह है। कैम्बर सैंड्स एक



शानदार, साफ़-सुथरा रेतीला बीच है।

कैम्बर सैंड्स अपनी सुनहरी रेत के लंबे हिस्सों, बड़े रेत के टीलों और मीलों तक फैले सुंदर नज़ारों के लिए मशहूर है। यह इलाका रेत के टीलों के एक अनोखे सिस्टम का घर है, जो अलग-अलग पौधों और जानवरों के लिए एक ज़रूरी प्राकृतिक आवास देता है। यहाँ छतरी तानकर आराम करने, धूप सेंकने या टहलने के लिए काफ़ी जगह है।

समुद्र और सुरम्य रेतीले टीलों के बीच फैला कैम्बर सैंड्स समुद्र तट धीरे-धीरे पानी में ढलता है, जिससे एक रेतीला, उथला तल दिखाई देता है। यहां लगातार हवा का झोंका सामान्य है, जो मध्यम लहर की ऊंचाई में योगदान देता है। कैम्बर सैंड्स सर्फिंग, काइटसर्फिंग और पैराग्लाइडिंग के शौकीनों के लिए एक रमणीय स्थल है। सनबेड, छतरियां और पानी के खेल के लिए उपकरण किराए पर लेने की सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हैं। जबकि स्नैक्स, आइसक्रीम और पेय पदार्थ समुद्र तट पर सुलभ है। हालाँकि वे महंगे होते हैं। यह समुद्र तट बेहद लोकप्रिय है। आमतौर पर यहां ब्रिटिश छुट्टियां मनाने वालों की भीड़ रहती है। सबसे सुरक्षित तैराकी स्थितियों के लिए, कम ज्वार के दौरान इस तट पर जाना अधिक उपयोगी है। इस रेतीले तट पर सीगल नामक पक्षी बड़ी संख्या में मंडराते रहते है जो झपटा मारकर खाने की वस्तुएं छीन लेते है। सीगल एक समुद्री पक्षी है। यह अपने सफेद-ग्रे रंग, लंबी चोंच और तेज उड़ान के लिए प्रसिद्ध है।

**-बाल मुकुंद ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# गुरु और ज्ञान: अदृश्य भले, मगर सनातन

सनातन परंपरा में गुरु केवल शरीर नहीं, एक चेतना है। वह उस दीये की तरह है जो कभी बुझता नहीं, बस एक हाथ से दूसरे हाथ में चला जाता है, जब वह स्वयं बुझने से बहुत पहले ही अपने जैसे अनेक दीए प्रज्वलित कर अंधकार से प्रकाश की ओर यात्रा को जारी रहने की सुव्यवस्था कर देता है।

जब दुनिया सो जाती है, तब भी कोई न कोई जिज्ञासु जाग रहा होता है। और ठीक उसी समय, उसे सुपात्र समझ कहीं न कहीं से एक अदृश्य आवाज कहती है...

"जिज्ञासु! सजग हो...सावधान हो कर श्रवण करो। फिर उस पर मनन करने के साथ चिंतन करो। चिंतन का अगला कदम है विश्लेषित करना ....और फिर उस सबके बाद ही उसे अग्रेषित करो।"

यही वह चार-सोपान पद्धित है जो उपनिषदों से लेकर आज तक चली आ रही है। श्रवण से ग्रहण, मनन से मथन, चिंतन से गहनता और विश्लेषण से स्पष्टता। बिना विश्लेषण के विद्या अंधभक्ति बन जाती है और अंधभक्ति से आप किसी जिज्ञासु की ज्ञान पिपासा शांत नहीं कर सकते अर्थात उसे सफलता पूर्वक अग्रेषित नहीं कर सकते।

गुरु को केवल स्वयं से बांधने की चाहत भी व्यर्थ है, जो दिखता है, वह बंधन है मगर जो अदृश्य है, वही मुक्ति है।

हर सच्चा शिष्य एक दिन स्वयं गुरु बन जाता है, तब वह बाह्य नहीं, अपने अंतरात्मा से वही आवाज सुनता है और फिर वह उस आवाज रूपी ज्ञान को आगे बढ़ा देता है। यही रीत है, यही सनातन का आधार है, यही है सनातन की अंतः सलिला जो इसे निरंतर किसी न किसी की चेतना में चेतन या अवचेतन में प्रवाहित करती रहती है। यह उपनिषदों के उस सत्य को प्रतिध्वनित करता है जहाँ अंततः शिष्य को आत्मदीपो भव (अपना दीपक स्वयं बनो) के मार्ग पर बढ़ाया जाता है। गुरु का भी अंतिम कार्य शिष्य को खुद से सदैव के लिए बाँधना नहीं, बल्कि उसे उसकी अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनने के योग्य बनाना है।

विशेष बात यह भी है कि यद्यपि यह सनातन धर्म की मूल और मौलिक अवधारणा है, मगर यह किसी धर्म विशेष का नहीं, हर उस जिज्ञासु का है जो सुषुप्त रात्रि में भी अवचेतन में भी चेतन रह कर जागृत है और उस अनुभूत ज्ञान को सुनना चाहता है तथा उस सनातन और अनुभूत मौलिकता को स्वयं में समावेशित करना चाहता है।"

**–राव शिवराज पाल सिंह**

# कोटा में 30 जोड़ों ने एक-दूजे का हाथ थामा, सर्व समाज ने कन्यादान का संदेश दिया

## सर्व गुर्जर समाज द्वारा द्वितीय निशुल्क कन्या सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन

**कोटा**, (निसं)। श्री देवनारायण नवयुवक मंडल देवली अरब बोरखेड़ा-मानपुरा के तत्वावधान में सर्व गुर्जर समाज द्वारा द्वितीय निशुल्क कन्या सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह में 30 वर-वधुओं का पाणिग्रहण संस्कार विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ।

आयोजन समिति के अध्यक्ष महेंद्र चंडालिया और संयोजक लक्ष्मण गुर्जर मानपुरा ने बताया कि सम्मेलन में कोटा संभाग से वर-वधुओं का पंजीयन किया गया था। करीब 20 बीघा भूमि में फैले विशाल परिसर में प्रत्येक जोड़े के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई। जिससे आयोजन अनुशासित और आकर्षक बना रहा। पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अतरालिया ने बताया कि यह आयोजन सामाजिक एकता और सहयोग का प्रतीक बना। समिति सदस्य लोकेश पोसवाल, नंदलाल कसाना, मेघराज रानीपुरा, विष्णु पारलिया, राजेंद्र मांगरोल, गोबरीलाल, गोपीचंद, महेश गोचर और रामभरोस ने जानकारी दी कि सम्मेलन में समाज के भामाशाहों के साथ सर्व समाज के दानदाताओं ने कन्यादान स्वरूप उपहार भेंट किए। मंच से सभी भामाशाहों का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान मन्नालाल खटाना, डॉ. बी.एल. गोचर और श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवराज गुंजल ने समाज को संबोधित किया। उन्होंने युवाओं को शिक्षा की ओर अग्रसर होने का संदेश देते हुए कहा कि विवाह समारोहों में फिजूलखर्ची कम कर बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए, जिससे समाज के बेटे-बेटियां उच्च पदों तक पहुंच सकें। इस अवसर पर रामचंद्र गेंदा, रामगोपाल गुर्जर, वीरेंद्र चेची, भोजराज कोटसुवा, रूपचंद, अर्जुन रानीपुरा, हरीश खटाना, लक्ष्मण राठौड़ सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 17 संख्याः 180 प्रभात हिण्डौन सिटी, शनिवार 2 मई, 2026 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# सभी प्रशंसक व दुश्मन, यह ही चाहते हैं, वेणुगोपाल केरल के मु.मंत्री बने

## पर, वेणुगोपाल केरल तभी जाना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस केरल में 85 का आंकड़ा पार कर ले, जिससे कांग्रेस की सरकार इतनी मजबूत हो कि भाजपा उसे तोड़ न सके पूरे साम-दाम-दण्ड-भेद लगाने के बावजूद

- रेणु मित्तल -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 1 मई। कांग्रेस पार्टी की नज़रें पूरी तरह से एआईसीसी महासचिव और संगठन प्रभारी के. सी. वेणुगोपाल पर टिकी हुई हैं।

मुख्य सवाल यह है कि वेणुगोपाल जाएंगे या नहीं?

क्या वे केरल में अगले मुख्यमंत्री बनेंगे, जहां एग्ज़िट पोल्स ने कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत दिखाया है?

वेणुगोपाल को पसंद करने वाले और उनकी प्रशंसा करने वाले लोग उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं।

और जो लोग उन्हें पसंद नहीं करते, वे भी चाहते हैं कि वे केरल जाएं और राहुल गांधी के सबसे भरोसेमंद हाथ के रूप में पिछले 7 साल से संगठन, नियुक्तियों, संसद, राहुल गांधी की ओर से गठबंधनों और रणनीतिक निर्णयों को नियंत्रित करने वाला व अपना स्थान खाली करें।

वे राहुल गांधी के 'यस मैन' हैं और राहुल गांधी की हिदायत के अनुसार काम करते हैं।

इस प्रक्रिया में, उन्होंने पार्टी में अपनी टीम और विभिन्न राज्यों में कुछ समूह बनाए हैं, जो उनके प्रति वफादार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **कांग्रेस में एक बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि अगर वेणुगोपाल केरल जाते हैं, तो दिल्ली में उनकी जगह कौन आएगा। क्योंकि, गत सात साल से वेणुगोपाल ही राहुल की ओर से सभी निर्णय ले रहे थे कांग्रेस में।**
- **भंवर जितेन्द्र सिंह का नाम चल तो रहा है, क्योंकि वे गांधी परिवार के निकट हैं, पर, उनका प्रदर्शन व ट्रैक रिकॉर्ड काफी निराशाजनक रहा है अब तक।**
- **और, राहुल चाहते हैं, नया महासचिव ऐसा व्यक्ति हो, जो 2029 के लोकसभा चुनाव की दृष्टि से हर राज्य की राजनीति और खेमेबाजी को अच्छी तरह से समझ ले तथा भाजपा के शीर्षस्थ नेताओं से भी बातचीत कर, रोजमर्रा के काम निकलवा ले और इससे भी जरुरी बात है कि यह व्यक्ति सभी मामलों में गांधी परिवार के हित की भी सुरक्षा कर सके।**
- **इतनी जटिलताओं से निपटने वाला अभी तक तो कोई नेता नज़र नहीं आया है, कांग्रेस में।**

# सुप्रीम कोर्ट ने खेड़ा को अग्रिम जमानत दी

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 1 मई। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को अग्रिम जमानत दे दी। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयाँ सरमा के खिलाफ कथित झूठे बयानों से जुड़े फर्जीवाड़े और मानहानि के आरोपों से संबंधित है।

यह राहत उस समय आई है, जब उच्चतम न्यायालय ने एक दिन पहले खेड़ा की उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसमें उन्होंने गुवाहाटी उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें गिरफ्तारी से पहले जमानत देने से इनकार किये जाने को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति जे.के. महेश्वरी और ए.एस. चंदुरकर की बैंच ने आदेश जारी करने से पहले दोनों पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनी थीं।

खेड़ा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा के वकील अभिषेक मनु सिंघवी की यह दलील स्वीकार की कि इस केस में हिरासत की जरूरत नहीं है तथा आरोप ज़मानती हैं।**

# चुनाव आयोग ने कोलकाता के सभी स्ट्राँग रूम को अभेद्य दुर्ग बनाया

## ममता बनर्जी के एक स्ट्राँग रूम तक जाने के बाद चुनाव आयोग ने यह कदम उठाया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 मई। कोलकाता पुलिस ने कोलकाता के सात क्षेत्रों में किसी भी तरह की भीड़ जुटाने की कवायद पर प्रतिबंध लगा दिया है। ये वे क्षेत्र है, जहाँ विधानसभा चुनाव में डाले गए मतों की गिनती होनी है। यह कदम पिछले रात हुई अतिनाटकीय घटनाओं के बाद उठाया गया, जो बीती रात दो काउन्टिंग केन्द्रों पर तृणमूल कांग्रेस द्वारा संदिग्ध गतिविधियों के आरोपों के कारण हुई थीं।

पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने तृणमूल के आरोपों को पहले ही खारिज कर दिया है।

पुलिस द्वारा लागू किए गए निषेधाज्ञा आदेश निम्नलिखित क्षेत्रों में है: शहीद खुदीराम बोस रोड, जज कोर्ट रोड, जादवपुर, डायमंड हार्बर रोड, लॉर्ड सिन्हा हॉल, नरेश मित्र सरणी (बेलटाला रोड), प्रथमेश बरुआ सरणी।

पिछली रात, भाजपा और तृणमूल कार्यकर्ताओं के बीच कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम के गिनती केन्द्र के बाहर टकराव हुआ। तृणमूल उम्मीदवार कुणाल घोष और शशि पांजा मतगणना केन्द्र के गेट के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए, जिससे एक छोटा सा संघर्ष हुआ।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी सखावत मेमोरियल गिनती केन्द्र के स्ट्रांग रूम के पास आई थीं।

राज्य के शीर्ष चुनाव अधिकारी अग्रवाल ने तृणमूल के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, "खुदीराम अनुशीलन केन्द्र के स्ट्रांग रूम में उत्तरी कोलकाता की सात विधानसभा सीटों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **कोलकाता पुलिस ने शहर के उन सभी सात क्षेत्रों में भीड़ जुटने पर सख्त रोक लगा दी है, जहाँ मतगणना होनी है।**
- **बुधवार रात तृणमूल कांग्रेस ने स्ट्राँग रूम में ईवीएम तथा पोस्टल बैलेट में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया था। जिसे प.बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने खारिज कर दिया और कहा कि सभी स्ट्राँग रूम सुरक्षित है और तालाबंद है, और जिस स्ट्राँग रूम में पोस्टल बैलेट रखे हैं, वहाँ उन्हें व्यवस्थित किया जा रहा था।**
- **नेताजी इंडोर स्टेडियम के काउंटिग सैंटर पर भाजपा और तृणमूल समर्थकों के बीच टकराव भी हुआ, दोनों पक्षों ने जमकर नारेबाजी की।**

# तीन सप्ताह में छोड़ो पांचना बांध से नहरों में पानी : हाईकोर्ट

## हाईकोर्ट ने अदालती आदेशों की पालना के बजाय समय मांगने पर अधिकारियों को फटकार लगाई

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने करौली जिले के पांचना बांध से जुड़ी नहरों में 3 सप्ताह के भीतर बांध का पानी छोड़ने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने अदालती आदेश की पालना के बजाय अधिकारियों को और समय मांगने पर फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि न्यायालय के धैर्य की परीक्षा न लें, आदेश की तीन सप्ताह में पालना की जाए। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने कांग्रेस विधायक रामकेश मीणा की जनहित याचिका पर यह आदेश दिया। याचिकाकर्ता ग्रामोत्थान संस्था की ओर से अधिवक्ता दीपक शर्मा ने अदालत में पैरवी की।

हाईकोर्ट सुनवाई के दौरान जलदाय विभाग (पीएचईडी) के इंजीनियर्स मौजूद थे। हाईकोर्ट ने उनसे पानी न खोलने का कारण पूछा, तो जलदाय विभाग ने कहा कि राज्य सरकार को पानी छोड़ने की व्यवस्था करने के लिए चार से पांच महीने का समय दिया जाए। उन्होंने कहा कि अभी पानी छोड़ने से रबी फसल को फायदा नहीं होगा। इस पर अदालत ने फटकारते हुए कहा कि, जलदाय विभाग बहानेबाजी छोड़े, पानी सिर्फ सिंचाई के लिए ही नहीं, बल्कि मवेशियों समेत अन्य कार्यों के लिए भी जरूरी है। इसके बाद राज्य सरकार की ओर से एक गोपनीय "एडीजे रिपोर्ट" न्यायाधीशों को दिखाने के लिए प्रस्तुत की गई। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि यह रिपोर्ट सिर्फ अदालत को यह दर्शाने के लिए है कि, अगर फिलहाल पानी छोड़ दिया गया और केवल एक ही जाति विशेष से जुड़े गांवों को पानी मिला तो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **राज्य सरकार की ओर से कोर्ट में एक गोपनीय "एडीजे रिपोर्ट" न्यायाधीशों के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिसमें कहा गया कि, यह रिपोर्ट सिर्फ अदालत को यह दर्शाने के लिए है कि, अगर फिलहाल पानी छोड़ दिया गया और केवल एक ही जाति विशेष से जुड़े गांवों को पानी पहुंचेगा तो वहां कानून-व्यवस्था बिगड़ने का खतरा है।**
- **इस पर अदालत ने कहा कि, कानून-व्यवस्था संभालना राज्य सरकार का काम है, लेकिन इसकी आड़ में अदालती आदेशों की अवमानना नहीं की जा सकती।**

# हाई कोर्ट ने जिंदा बम प्रकरण में सजा स्थगित करने से इंकार किया

जयपुर, 1 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने 13 मई, 2008 को शहर में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के बीच जिंदा मिले बम को लेकर विशेष अदालत की ओर से अभियुक्तों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा को अपील के निस्तारण तक स्थगित करने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही, अदालत ने अभियुक्तों की ओर से दायर सजा स्थगन प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश शाहबाज हुसैन और मोहम्मद सरवर आजमी की ओर से अपील में दायर प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए दिए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **राजस्थान हाई कोर्ट की खंडपीठ ने अभियुक्तों की अपीलें खारिज की।**

# ईरान वॉर से अमेरिका में ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग में भारी कमी हुई

## रॉयटर्स/इप्सॉस सर्वे के अनुसार, ट्रंप की अप्रूवल रेटिंग मात्र 36 प्रतिशत ही रह गई है और मात्र 26 प्रतिशत ही ईरान वॉर पर उनका समर्थन करते है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो।

नई दिल्ली, 1 मई। राष्ट्रपति के रूप में डॉनल्ड ट्रम्प को दूसरा कार्यकाल एक अशांत चरण में प्रवेश कर रहा है, जिसमें ईरान में चल रहे युद्ध ने केवल भू-राजनीतिक खामियों को ही उजागर नहीं किया, बल्कि घरेलू राजनीतिक संकट को भी बढ़ा दिया है। टैरिफ और आर्थिक प्रबंधन से शुरु हुई आलोचना अब विदेश नीति को लेकर बढ़ते असंतोष में बदल गई तथा प्रशासन को सबसे चुनौतीपूर्ण दौर में धकेल दिया है।

फरवरी में शुरू हुए ईरान संघर्ष ने वैश्विक तेल आपूर्ति को बाधित किया और ईंधन की कीमतों को बढ़ा दिया और यह ट्रम्प के नेतृत्व की केन्द्रीय परीक्षा बन गया है। जनता का समर्थन जुटाने के बजाय, यह युद्ध उनकी अनुमोदन रेटिंग में गिरावट को तेज करने वाला प्रतीत हो रहा है, जिससे रिपब्लिकन पार्टी के भीतर भी चिंता बढ़ रही है।

हालिया मतदान डेटा इस समस्या के पैमाने को दर्शाता है। रॉयटर्स/इप्सोस के एक सर्वेक्षण के अनुसार, ट्रम्प की कुल अनुमोदन रेटिंग केवल 36 प्रतिशत है, जबकि केवल 32 प्रतिशत लोग ईरान संघर्ष में उनके प्रबंधन को सही मानते हैं। और भी ध्यान देने योग्य बात यह है कि केवल 26 प्रतिशत अमेरिकी मानते हैं कि सैन्य कार्यवाही पर जो खर्च हुआ है, वह फायदे का सौदा है। इससे जाहिर है अधिकांश लोग, युद्ध के उद्देश्यों और परिणामों के प्रति गहरी शंका रखते हैं।

वृहद सर्वेक्षण भी इसी प्रकार की निराशाजनक तस्वीर पेश करते हैं। एप-

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मात्र 26 प्रतिशत अमेरिकन ही मानते हैं कि ईरान पर सैन्य कार्यवाही पर लगी लागत नुकसान का सौदा नहीं है।**
- **ट्रंप को उम्मीद थी कि ईरान वॉर उनके पक्ष में जनता को एकजुट कर देगा, पर, वॉर ने उनकी लोकप्रियता में भारी कमी कर दी है और इस बात से ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी में भी चिंता की लहर है और पार्टी में भी युद्ध के प्रति अब ऊब व थकान के संकेत नज़र आ रहे हैं।**
- **विदेश नीति के मोर्चे पर भी ट्रंप के प्रति असंतोष बढ़ा है, मात्र 39 प्रतिशत ही ट्रंप की विदेश नीति को सही मानते हैं। ईरान वॉर पर ट्रंप की कार्यशैली से डेमोक्रेट्स ही नहीं रिपब्लिकन्स भी नाखुश हैं।**
- **ईरान वॉर के कारण तेल की बढ़ती कीमतों और महँगाई भी एक बड़ा कारण है, ट्रंप की लोकप्रियता घटने का।**

# प. बंगाल - 15 मतदान केन्द्रों पर आज पुनः वोट पड़ेंगे

नई दिल्ली, 01 मई । चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के दूसरे चरण में 29 अप्रैल को हुए मतदान के बाद दो विधानसभाओं के 15 मतदान केन्द्रों पर दोबारा मतदान शनिवार को कराने का फैसला किया है।

आयोग की ओर से जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों और प्रेक्षकों की रिपोर्ट में मतदान प्रक्रिया में अनियमितताओं की आशंका जताई गई थी जिसके बाद यह कदम उठाया गया। पुनर्मतदान के लिए मगरहाट पश्चिम के 11 और डायमंड हार्बर के 4 मतदान केंद्र हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सभी चिन्हित मतदान केन्द्रों पर 2 मई को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

- **इनमें से 11 मतदान केन्द्र मगरहाट पश्चिम के तथा 4 डायमंड हार्बर के हैं।**

# जाने माने इकॉनमिस्ट जेफ्री सैक्स इस साल के अंत तक 250 स्कॉलर्स व आध्यात्मिक नेताओं को बनारस में एकत्रित करना चाहते हैं

## सैक्स का मानना है, वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय संकट, क्लाइमट चेंज से आर्थिक असामनता केवल आर्थिक नीतियों व मार्केट आधारित सोच से हल नहीं हो पाएगा, इसके लिए नैतिक फ्रेमवर्क चाहिए

- सुकुमार साह -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 1 मई। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स वर्ष के अंत तक वाराणसी में लगभग 250 विद्वानों और आध्यात्मिक नेताओं को एकत्रित करने की योजना बना रहे हैं, ताकि शांति और भाईचारे का संदेश फैलाया जा सके। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में दिए गए उनके बयान उनके व्यापक और लंबे समय से चल रहे प्रयास का हिस्सा हैं, जिसमें वे अर्थव्यवस्था, नैतिकता और सतत विकास को नैतिक नेतृत्व के साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों पर गहन रूप से काम कर चुके अर्थशास्त्री सैक्स का तर्क है कि अंतर्राष्ट्रीय संकट संपर्क, जलवायु परिवर्तन से लेकर असमानता तक को केवल नीतियों और बाजारों के माध्यम से हल नहीं किया जा सकता; इसके लिए साझा मूल्यों और नैतिक ढांचे का पुनरुद्धार भी आवश्यक है।

वाराणसी का चयन जानबूझकर और प्रतीकात्मक है। यह दुनिया के उन सबसे पुराने शहरों में से एक है, जो हमेशा आध्यात्मिक परंपराओं, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का संगम प्रस्तुत करता रहा है। सैक्स ने कहा कि यह शहर प्राचीन ज्ञान का मूल घर था और मैं चाहता हूं कि दुनिया जान सके कि यह जगह मानवता के लिए कितनी महान है, क्योंकि मेरा मानना है कि हम सब इसमें साथ हैं।

ऐसी बैठक की मेज़बानी करके, सैक्स भारत को एक ऐसा मंच प्रस्तुत करते हुए दिख रहे हैं ,जो भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था से परे सभ्यतागत मूल्यों पर संवाद को बढ़ावा दे। यह विचार भारत के अपने कूटनीतिक संदेश-जैसे वसुधैव कुटुम्बकम और अंतर्राष्ट्रीय सामंजस्य-के अनुरूप है।

इस प्रस्तावित बैठक में विभिन्न प्रतिभागियों को एकत्रित किया जा सकता है: धार्मिक नेता, दार्शनिक, शिक्षाविद, नीति विचारक और संभवतः नागरिक समाज के प्रतिनिधि। इसका उद्देश्य सिर्फ प्रतीकात्मक संवाद नहीं होगा, बल्कि ऐसा मंच बनाना होगा, जहां विभिन्न परंपराओं-हिंदू, बौद्ध,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **इस तथाकथित समागम के लिए, वाराणसी का चयन भी, सैक्स के अनुसार, काफी उचित है। क्योंकि वाराणसी, पृथ्वी पर लगातार रिहायश की दृष्टि से शायद सबसे पुराना शहर है तथा सदा से अभी तक सांस्कृतिक ज्ञान का केन्द्र रहा है।**
- **और आज के युग में हर देश की सभी सोच व चिंतन अपने संक्रीण राष्ट्रीय हित तक सीमित है। बनारस में यह समागम, जहाँ हिंदू, बौद्ध, ईसाई, इस्लामिक सांस्कृतिक विचार धाराओं का संवेदनशील मंथन होगा, किसी सकारात्मक समाधान को जन्म दे सकता है।**

# प्रधानमंत्री ने बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 01 मई । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आज देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए शांति, करुणा और सद्भावना के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने सभी से भगवान गौतम बुद्ध के जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प दोहराने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपने संदेश में कहा, सभी देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की असीम शुभकामनाएं। शांति, करुणा और सद्भावना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाले इस पावन अवसर पर भगवान बुद्ध के जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प दोहराएं।

उन्होंने इस अवसर पर एक संस्कृत सुभाषित भी साझा किया जिसका अर्थ है कि व्यक्ति को यह समझना चाहिए कि न तो भीतर और न ही बाहर कोई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **उन्होंने भगवान बुद्ध के जीवन मूल्यों को अपनाने की अपील की।**

# जोधपुर : गोल्ड में निवेश के नाम पर दो युवकों से 80 लाख की धोखाधड़ी

## आरोपी ने गोल्ड में निवेश के नाम पर रकम ली, फिर पैसा एमसीएक्स में लगा दिया

- पीड़ितों ने रूपयों की मांग की तो जान से मारने के साथ झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई
- कोर्ट में इस्तगासे के माध्यम से बासनी पुलिस ने ज्वैलर को नामजद कर जांच आरंभ की है

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के दो युवकों को गोल्ड में निवेश के नाम पर 80 लाख की धोखाधड़ी मामला सामने आया है। आरोपी ने गोल्ड में निवेश के नाम पर रकम ली फिर पैसा एमसीएक्स में लगा दिया, जोकि बाद में डूब जाना बताया गया। पीड़ितों ने रूपयों की मांग की तो जान से मारने के साथ झूठे केस में फंसाने की धमकी दी गई। कोर्ट में इस्तगासे के माध्यम से बासनी पुलिस ने ज्वैलर को नामजद कर अब जांच आरंभ की है। रिपोर्ट मसूरिया निवासी दीप मंगल पुत्र अजय मंगल और 12वीं ए रोड निवासी अनुज पुरोहित पुत्र भगवान प्रसाद की तरफ से दी गई है। आरोपी हितेश सोनी का बनाया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार आरोपी मेघांशी जेम्स एंड ज्वैलर्स के नाम की स्वयं की फर्म से अपना व्यवसाय करता है। इनके बीच में काफी समय से अच्छी जान-पहचान है। दिसम्बर 2025 में हितेश सोनी ने उन्हें फोन कर गोल्ड में निवेश के लिए उकसाया। उस पर विश्वास करते हुए पीड़ित ने अपनी फैक्टरी ऑफिस गली नंबर 6 बासनी बुलाया और उस दिन के भाव से जोकि 13000 प्रति ग्राम थे, जिसके हिसाब से अभियुक्त को 30 लाख रूपए गोल्ड लेने के लिए नकद दिए गए। बाद में कहा कि 230 ग्राम गोल्ड आज के भाव से इन रुपयों से खरीद कर वह दे देगा तथा रूपए लेकर वहां से चला गया, जिसके कुछ दिनों बाद पीड़ित ने अभियुक्त से संपर्क किया तो उसने कहा कि गोल्ड मैंने ले लिया है और मैं दो चार दिन में फैक्टरी की तरफ आऊंगा तो तुम्हे सारा गोल्ड दे दूंगा। 13 दिसम्बर 2025 को फिर फोन किया और कहा कि गोल्ड के भाव में बहुत तेजी आने वाली है तथा अभी अगर और इन्वेस्ट करते हो बड़ा मुनाफा हो जाएगा तथा पुराना और अभी वाला सारा गोल्ड में एक साथ ही दे दूंगा।

पीड़ित ने बाद में अपने मित्र अनुज पुरोहित को भी गोल्ड में इंवेस्ट के लिए कहा तो उसने भी विश्वास करते हुए 50 लाख रूपए दिए। तब भाव 13500 प्रति ग्राम थे, 370.37 ग्राम गोल्ड अनुज पुरोहित का बनता है। आरोपी हितेश ने कुल मिलाकर 600.37 ग्राम गोल्ड का गबन लिया। 5 मार्च 2026 को अभियुक्त ने फोन किया और पांच बत्ती चौराहा पर मिला और आश्वासन दिया कि आज के भाव से मेरे द्वारा खरीद किये गए गोल्ड के लगभग 99 लाख रूपए होते हैं जो अभियुक्त ने पीड़ित को एक दो दिन में देने का कहा, लेकिन अभियुक्त ने यह समय गुजर जाने के बाद भी रूपए नहीं लौटाए। बाद में फैक्टरी आया और टालमटोल करता रहा। आरोपी ने कोर्ट में भी डिजिटल हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। बार-बार धोखा मिलते देख परिवादी और साथी आरोपी के घर गए तो पता लगा कि उसने सारे पैसे एमसीएक्स में लगा दिया जोकि डूब गए हैं। आरोपी के मामा कमल सोनी ने उन्हें जान की धमकी दी। साथ ही कहा कि जबरन अनाधिकृत प्रवेश करने, घर की औरतों से छेड़छाड़ करने व अभियुक्त का जबरन अपहरण कर हमसे फिरौती मांगने का मुकदमा तुम्हारे खिलाफ दर्ज करा देंगे और फिर तुम्हारे 80 लाख तो हमने हड़प लिए ही हैं और अब फिर राजीनामा करने के लिए तुमसे एक करोड़ और ले लेंगे। रूपए भूल जाने के लिए कहा गया।

# झुंझुनूं : दस साल से फरार स्थायी वारंटी भीम सिंह गिरफ्तार

## बीकानेर, नागौर, नीमराणा और अलवर में छिपता फिर रहा था आरोपी भीम सिंह

- सुलताना पुलिस ने लगातार दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले की सुलताना थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पिछले 10 वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारंटी भीम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। वर्षों से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर अलग-अलग शहरों में फरारी काट रहे आरोपी को आखिरकार सुलताना पुलिस की सतर्क निगरानी, मुखबिर तंत्र और लगातार दबिशों के चलते गिरफ्तार कर लिया गया। थाना सुलताना के थानाधिकारी रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने लंबे समय तक आरोपी की गतिविधियों पर नजर रखते हुए उसे धर दबोचा।

पुलिस के अनुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्थाई वारंटी भीम सिंह की तलाश के लिए टीम गठित की गई थी। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था और बीकानेर, नागौर, नीमराणा तथा अलवर सहित कई क्षेत्रों में छिपकर रह रहा था। पुलिस टीम ने लगातार पीछा करते हुए विभिन्न स्थानों पर दबिश दी और मुखबिरों से मिली सटीक सूचना के आधार पर आखिरकार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भीम सिंह पुत्र गुमान सिंह राजपूत निवासी केहरपुरा कलां थाना सुलताना जिला झुंझुनूं के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# फिरौती मांगने व धमकी मामले में आरोपी को पकड़ा

## पुलिस ने विदेशी पिस्टल और कारतूस बरामद किए

- पुलिस गिरोह के नेटवर्क और अन्य आपराधिक गतिविधियों को लेकर गहन जांच कर रही है तथा फरार आरोपियों की तलाश जारी है

**हनुमानगढ़, (निसं)।** नोहर थाना पुलिस ने फिरौती मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सुनील उर्फ डेला उर्फ डेलिया (30) निवासी जांडवाला सोतर, फतेहाबाद सदर, हरियाणा, हाल वार्ड नम्बर एक, भादरा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक विदेशी ग्लॉक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार सुनील उर्फ डेला के खिलाफ हरियाणा और राजस्थान में ऑर्म्स एक्ट व फिरौती के करीब 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उससे मामले में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ कर रही है। यह कार्रवाई 28 मार्च को नोहर की इंदिरा कॉलोनी निवासी शहनवाज उर्फ सद्दाम द्वारा दर्ज करवाई गई रिपोर्ट के आधार पर की गई है। शहनवाज ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि करीब तीन माह पहले आकाश निगम और शिवा सिंह गुर्जर उसके घर के बाहर आए थे। आरोपियों ने उसे अमरसिंह बुडानिया की हत्या करने के लिए कहा था। मना करने पर उन्होंने शहनवाज के साथ मारपीट की और 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी। आरोपियों ने धमकी दी थी कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो उसे जान से मार दिया जाएगा। परिवादी के अनुसार आरोपियों ने यह भी कहा था कि उनकी गैंग ने हथियार खरीद रखे हैं और वे हत्या जैसी वारदातों को अंजाम देने में सक्षम हैं। रिपोर्ट में गैंग के अन्य सदस्यों के रूप में अनिल उर्फ गुरु, मोनू और संदीप टोगसिया के नाम भी सामने आए थे। पुलिस गिरोह के नेटवर्क और अन्य आपराधिक गतिविधियों को लेकर गहन जांच कर रही है तथा फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने जांच के दौरान इस मामले में शामिल मोनू पुत्र बलवान सिंह निवासी खचवाना, संदीप पुत्र जयसिंह निवासी वार्ड 4, फेफाना, अनिल उर्फ चोटिया उर्फ गुरु पुत्र महेन्द्र गोस्वामी निवासी सागड़ा, आकाश निगम पुत्र मुन्नालाल निवासी पूर्णपुरा, आगरा तथा शिवा उर्फ शिवा गुर्जर पुत्र नारायण सिंह निवासी लाडवापुरा, आगरा, उत्तर प्रदेश को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवा दिया था।

# युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

- जब पत्नी घर पर पहुंची तो पति को फंदे पर लटका पाया और पुलिस को सूचना दी

**कोटा, (निसं)।** कुन्हाडी थाना इलाके में एक युवक ने घर में फांसी का फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार इलाके के सुमन विहार निवासी लक्ष्मण कुमार ने घर में पंखे से फांसी का फंदा लगा लिया।

मामले में सामने आया कि घटना के वक्त मृतक घर में अकेला था, जब पत्नी घर पर पहुंची तो पति को फंदे पर लटका पाया, जिसे लोगों की मदद से नीचे उतारकर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कुन्हाड़ी थानाधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि मूल रूप से श्रीगंगानगर हाल कुन्हाडी इलाके के सुमन विहार द्वितीय निवासी लक्ष्मण जो किराये से परिवार सहित रहता था, जिसने घर में फांसी का फंदा लगाकर सुसाईड कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि लक्ष्मण पत्नी के साथ रहता था, घटना के वक्त पत्नी किसी काम से बाहर गई हुई थी, वापस लौटने पर उसने पति को फंदे पर लटका देखा मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि फिलहाल आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नहीं आया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पैरों पर अफीम बांधकर बस से तस्करी कर रहे युवक को दबोचा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले की रायला थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक शातिर तस्कर को दबोचने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने पुलिस को चकमा देने के लिए अपने पैरों पर अफीम की थैलियां टेप से चिपका रखी थी, लेकिन रायला थाना पुलिस की चौकसी के आगे उसकी चालाकी धरी रह गई।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार अवैध नशे के खिलाफ जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएसपी शाहपुरा राजेश आर्य और वृताधिकारी गुलाबपुरा जितेन्द्र सिंह के सुपरविजन में रायला थानाधिकारी मूलचंद वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गुरुवार को रायला थाने के सामने भीलवाड़ा-गुलाबपुरा रोड पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान भीलवाड़ा की तरफ से आ रही भरतपुर डिपो की राजस्थान रोडवेज बस को चेकिंग के लिए रोका गया। पुलिस को देखते ही बस से उतरकर एक युवक भागने लगा, जिसे टीम ने घेराबंदी कर धर दबोचा।

पकड़े गए युवक ने अपना नाम किशन पुत्र लक्ष्मण बैरवा (32), निवासी तुमड़िया (चित्तौड़गढ़) बताया। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो वह दंग रह गई। आरोपी ने अपने दोनों पैरों पर अफीम की दो प्लास्टिक की थैलियां लपेट रखी थी और उन पर पीले रंग की टेप लगाकर उन्हें पैंट के नीचे छिपा रखा था। थैलियों का वजन करने पर 2 किलो 66 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। रायला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले का अठिाम अनुसंधान गुलाबपुरा थानाधिकारी संजय गुर्जर को सौंपा गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह खेप कहां से लाई गई थी और इसे आगे किसे सप्लाई किया जाना था।

# स्मैक रखने के आरोपी को एक साल की सजा सुनाई

**जोधपुर, (कासं)।** एनडीपीएस न्यायालय जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने 13 साल पुराने अवैध मादक पदार्थ स्मैक की बरामदगी के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को एक वर्ष का कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना राशि जमा न कराने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतने का दण्डादेश पारित किया।

राजस्थान सरकार की ओर से पैरवी हेतु नियुक्त विशिष्ट लोक अभियोजक (न्यायालय एनडीपीएस मामलात) मनोहर लाल पालीवाल ने बताया कि 24 जनवरी 2013 को डांगियावास के तत्कालीन थानाधिकारी सत्यनारायण ने मय जाब्ता गश्त के दौरान काकेलाव पुलिस थाना डांगियावास निवासी भंवरलाल पुत्र हीराराम का पकड़कर तलाशी ली तो उसके पास आठ ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। विशिष्ट लोक अभियोजक मनोहर लाल पालीवाल ने बहस के दौरान न्यायालय से अवैध मादक पदार्थों के मामलों में आरोपी को कठोरतम सजा देने की मांग की। विशिष्ट न्यायालय एनडीपीएस जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत गवाहों, दस्तावेजी साक्ष्य और आर्टिकल के आधार पर अभियुक्त भंवरलाल को अवैध मादक पदार्थ कब्जे में रखने का दोषी ठहरायाा।

# नकबजनी मामले में तीन को पकड़ा

**उदयपुर, (निसं)।** ओगणा थाना पुलिस ने नकबजनी एवं लूट की वारदात का खुलासा करते हुए इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 15 अप्रैल को पीड़ित बदाराम पुत्र रताजी निवासी वासखेड़ा फला डूंगरी ओगणा ने रिपोर्ट दी कि सवेरे तीन बदमाश मेरे मकान में घुस कर बंधक बनाकर एक क्विंटल मक्का, तीन क्विंटल गैहूं, तीन बकरा व चार बकरियां, मोबाईल, चांदी के कड़े चुरा ले गए तथा पास में ही बने मेरे छोटे पुत्र रामलाल के पक्के मकान से कपड़े व मेरे बड़े पुत्र रूपलाल के निवनिर्मित मकान के कमरों की चाबियां चोरी कर ले गए।

मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देश पर ओगणा थानाधिकारी रामरूप मीना मय टीम ने कार्यवाही करते हुए चूना पुत्र वेला, तेजा पुत्र मानाराम व फागणा पुत्र नामा निवासी पाटीया ओगणा को गिरफ्तार किया।

# 30 साल पुराने डकैती के मामले में फरार चल रहा आरोपी झारखंड से गिरफ्तार

## आरोपी ने साल 1996 में अपने साथियों के साथ मिलकर कारोई क्षेत्र में एक यात्री बस में हथियारों के दम पर यात्रियों से डकैती की थी

- मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन नौशाद तभी से फरार चल रहा था

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाड़ा जिला पुलिस और सायबर की संयुक्त टीम ने 30 साल पुराने डकैती के मामले में फरार चल रहे एक शातिर और उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी साल 1996 में कारोई क्षेत्र में एक चलती बस में सवारियों के साथ हुई सनसनीखेज डकैती की वारदात में शामिल था।

**30 साल पुरानी है वारदात :-** पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी नौशाद शेख (52) पुत्र सदीक शेख निवासी साहिबगंज, झारखंड ने साल 1996 में अपने साथियों के साथ मिलकर कारोई क्षेत्र में एक यात्री बस को निशाना बनाया था। बदमाशों ने हथियारों के दम पर यात्रियों से लूटपाट और डकैती की थी। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन नौशाद तभी से फरार चल रहा था। एसीजेएम कोर्ट गंगापुर ने उसे धारा 299 जाफो के तहत उद्घोषित अपराधी और स्थाई वारंटी घोषित किया था। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएसपी सहाड़ा बुद्धराज व वृताधिकारी गंगापुर सुदर्शन पालीवाल के सुपरविजन में कारोई थानाधिकारी महावीर प्रसाद और सायबर की एक विशेष टीम गठित की गई।

आरोपी पिछले तीन दशकों से लगातार ठिकाने बदल रहा था। सायबर के कांस्टेबल पिंटू कुमार और हेमंत सिंह ने तकनीकी सहायता से आरोपी का रूट चार्ट तैयार किया। पुलिस टीम ने आरोपी के निवास स्थान पर कई बार दबिश दी और कड़ी मेहनत के बाद उसे उसके मूल निवास झारखंड से धर दबोचा। इस कार्रवाई को महावीर प्रसाद, थानाधिकारी, कारोई, आशीष कुमार, सउनि, सायबर सेल भीलवाड़ा, विष्णु सिंह, सउनि, थाना कारोई, कांस्टेबल पिंटू कुमार व हेमंत सिंह, सायबर (तकनीकी विशेषज्ञ), बनवारी लाल, कांस्टेबल, थाना कारोई ने अंजाम दिया।

# फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर।** झाड़ोल थाना पुलिस ने अपहरण कर फिरौती की मांग करने वाले पोपट उर्फ पप्पुलाल पुत्र चुन्नीलाल निवासी बछार नाई को गिरफ्तार किया। 15 मार्च को पीड़ित अम्बालाल पुत्र राजमल निवासी तलाई ने झाड़ोल पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 14 मार्च को गोराणा में सामान खरीदने गया। वहां से मुझे भेरा मिला। जो मुझे अपने साथ ले गया। कुछ दूरी पर मिले 10-12 जने बाइक पर मौजूद थे। मेरा अपहरण किया और लूटपाट की।


**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :-न.प.सु/स्टोर शाखा/2026/805 दिनांक :- 29.04.2026

**:-ई-निविदा सूचना-2026-27:-**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 14.05.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक DLB2627GLOB03148 है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद, सुजानगढ

राज.संवाद/सी/26/1867

**कार्यालय नगर परिषद् प्रतापगढ़, जिला-प्रतापगढ़ (राज.)**

क्रमांक :-न.प.प्र./स्टोर/2026/372 दिनांक: 27.04.2026

**ई टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या:- 04/2026-27**

नगर परिषद द्वारा राजस्थान सरकार के एवं केन्द्रीय सरकार/ राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदको एवं अन्य समकक्ष इच्छुक संगठन जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो उनसे निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदाएं टू बिड प्रणाली अन्तर्गत आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण इंटरनेट साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| निविदा में कुल कार्य | 21 |
| निविदा की कुल लागत | 184.00लाख |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने की दिनांक | दिनांक 27.04.2026 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 10.05.2026 सांय 5.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की दिनांक | दि. 10.05.2026 प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट अथवा बैंकर चैक कार्यालय में भौतिक रूप से जमा करवाने की दिनांक | दि. 11.05.2026 प्रातः 10:00 बजे से सायः 12.00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनिकी निविदा खोलने की दिनांक | दि. 11.05.2026 दोपहर 02.00 बजे |
| ऑनलाईन फाईनेशियल निविदा खोलने की दिनांक | दि. तकनीकी परिपत्र पश्चात दोपहर 03.00 बजे |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है ।

इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

UBN NO. DLB2627GSOB02698 TO DLB2627SSOB02790

आयुक्त
नगर परिषद् प्रतापगढ़ (राज.)

राज.संवाद/सी/26/1869

**कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)**

फोन न.07464-294024, ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com, website - WWW.npkarauli.in

क्रमांक : 767 दिनांक : 28.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण एवं उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता हैं कि "SITC of phase wire. SITC and O&M of CCMS in Nagar Parishad Karauli" का कार्य कराना चाहती है। जिस हेतु EWSD श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-टैण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विवरण व शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | SITC of phase wire. SITC and O&M of CCMS in Nagar Parishad Karauli |
| निविदा की अनुमानित लागत | 47.55 लाख |
| धरोहर राशि | अनुमानित लागत की 2 प्रतिशत |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने /डाउनलोड की तारीख | 30.04.2026 समय 2:00 पीएम से 12.05.2026 समय 6:00 पीएम तक |
| ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तिथि | 12.05.2026 समय 6:00 पीएम तक |
| ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल प्राप्त तकनीकी बिड की खोलने की तिथि | 13.05.2026 समय 4:00 पीएम |
| निविदा शुल्क | 1000/- रूपयें |
| निविदा प्रोसेसिंग शुल्क | 500/-रूपये |
| निविदा प्रपत्र व शर्ते डाउनलोडिंग बेबसाईट | eproc.rajasthan.gov.in |
| कार्य की समयावधि | 02 माह |
| UBN.- | DLB2627SLOB02963 |

आयुक्त
नगरपरिषद, करौली

राज.संवाद/सी/26/1877


# जोधपुर में चोरी की कार में तस्करी पकड़ी

**जोधपुर, (कासं)।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बिलाड़ा थाना क्षेत्र से 134.895 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कार डिवाइडर कूदाकर भागने की कोशिश की, लेकिन एएनटीएफ ने उसे पीछा कर पकड़ लिया। उसकी कार से अलग-अलग नंबर प्लेटें मिली। वह चोरी की कारों से तस्करी करता था। उसके पास चोरी की एक लक्जरी कार है।

एएनटीएफ के डीआईजी अभिजीत सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक कार में बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ का परिवहन हो रहा है। पड़ताल में पता चला कि कार जोधपुर-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 25, थाना बिलाड़ा के खारिया मीठापुर से गुजरेगी। इस पर थाना बिलाड़ा में नाकाबंदी कर दी गई। नाकाबंदी के दौरान दूर से तेज गति से एक कार आती दिखी। टीम ने कार रोकने का इशारा किया तो चालक ने कार को तेज गति से डिवाइडर के ऊपर से कूदाकर गलत दिशा में दौड़ाने लगा। डिवाइडर पर चढ़ने से कार के आगे के टायर बेकार हो गए। एएनटीएफ टीमों ने कार का पीछा करते हुए उसे सरहद पिचियाक, नेशनल हाईवे नंबर 25 पर रोक लिया। स्थानीय पुलिस को बुलाकर कार की तलाशी ली गई, जिसमें अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त बरामद हुआ।

आरोपी की पहचान झंवर थाना क्षेत्र निवासी मनीष विश्नोई के रूप में हुई। कार की तलाशी में अलग-अलग नंबरों की नंबर प्लेटें मिली। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि तस्करी के दौरान पुलिस से बचने के लिए रास्ते में कार के नंबर प्लेट बदल लेता था। आरोपी ने बताया कि वह डोडा-पोस्त की तस्करी में चोरी की कारों का उपयोग करता था। जिस कार को जब्त किया गया, वह भी चोरी की बताई गई।

# सूरतगढ़ में हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**सूरतगढ़, (निसं)।** शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 26 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना के एसआई सुभाष बराला ने बताया कि पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान जब टीम बडोपल रोड स्थित आनंद कॉलोनी क्षेत्र में पहुंची तो एक युवक पुलिस वाहन को देखकर घबरा गया और मौके से भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने तुरंत पीछा किया और काबू कर लिया। इसके बाद पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसके कब्जे से 26 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अंगत उर्फ रॉकी शूटर (22) पुत्र विजय वाल्मीकि, निवासी वार्ड नंबर 37 सूरतगढ़ बताया।

# अजमेर जेएलएन के चिकित्सकों ने छात्र के पैर से गोली के 12 छर्रे निकाले


## सीटीवीएस विभाग की टीम ने करीब नौ घंटे तक चले ऑपरेशन में फटी हुई नसों को भी सफलतापूर्वक ठीक किया

**अजमेर, (कासं)।** संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू (जेएलएन) अस्पताल में डॉक्टरों ने जटिल ऑपरेशन कर 18 वर्षीय छात्र की जान बचाते हुए उसके पैर को सुरक्षित कर लिया। कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) विभाग की टीम ने करीब नौ घंटे तक चले ऑपरेशन में छात्र के बाएं पैर से गोली के 12 छर्रे निकालने के साथ फटी हुई नसों को भी सफलतापूर्वक ठीक किया।

जानकारी के अनुसार किशनगढ़ क्षेत्र

- खेत में हुये हादसे के दौरान छात्र को गोली लग गई थी

के खातौली गांव निवासी 18 वर्षीय रेहान को 11 अप्रैल को खेत में हादसे के दौरान गोली लग गई थी। घायल अवस्था में परिजन उसे 12 अप्रैल को जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे। उस समय उसकी हालत अत्यंत गंभीर थी। अधिक रक्तस्राव के कारण वह शॉक में चला गया था और ब्लड प्रेशर बेहद कम हो गया था। अस्पताल के प्रिंसिपल डॉ. अनिल सामरिया ने बताया कि मरीज के बाएं पैर के पीछे की तीन प्रमुख नसें फट चुकी थी, जिससे लगातार खून बह रहा था और पैर में भारी सूजन आ गई थी। हालत इतनी नाजुक थी कि इलाज के दौरान एक बार उसका हृदय भी बंद हो गया, जिसे डॉक्टरों ने तत्काल सीपीआर देकर दोबारा चालू किया।




जेएलएन अस्पताल में डॉक्टरों ने जटिल ऑपरेशन कर 18 वर्षीय छात्र की जान बचाई।

कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के डॉ. प्रशांत कोठारी की देखरेख में डॉ. तेजकरण सैनी के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम ने मरीज को स्थिर करने के बाद सर्जरी की। करीब 9 घंटे तक चले ऑपरेशन में न केवल पैर से 12 छर्रे निकाले गए, बल्कि फटी हुई तीनों नसों को भी सफलतापूर्वक रिपेयर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार यदि समय पर ऑपरेशन नहीं किया जाता तो मरीज की जान को खतरा था और 24 घंटे के भीतर पैर काटने की नौबत भी आ सकती थी।

अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे और उपाध्यक्ष डॉ. अमित यादव ने बताया कि विभिन्न विभागों के समन्वय से यह जटिल ऑपरेशन संभव हो पाया। मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

घायल छात्र रेहान ने बताया कि घटना के दिन वह खेत की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान खेत में जंगली सूअर घुस आए, जिससे घबराकर वह पास की कोटड़ी की ओर भागा। तभी कोटड़ी के बाहर टंगी बंदूक अचानक नीचे गिर गई और उससे गोली चल गई, जो उसके पैर में आकर लग गई। घटना के बाद परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसका जीवन बचा लिया।

# सीवरेज सफाई के दौरान श्रमिकों की मौत कैसे हुई?

## हाईकोर्ट ने निगम आयुक्त और जोन उपायुक्त सहित ठेकेदार को कोर्ट में पेश होकर बताने के लिए कहा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नगर निगम आयुक्त और झोटवाडा जोन उपायुक्त सहित संबंधित ठेकेदार को 6 मई को अदालत में पेश होकर बताने को कहा है सीवरेज सफाई के दौरान श्रमिकों की मौत कैसे हुई। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश स्नेहांश फाउंडेशन की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

■ **गौरतलब है कि झोटवाड़ा नगर निगम एरिया के तहत करधनी इलाके में 17 अप्रैल को सफाईकर्मी अजय और रामबाबू बिना सुरक्षा उपकरण सीवर लाइन साफ करने उतरे थे। इस दौरान जहरीली गैस के संपर्क में आने से उनकी मौत हो गई। घटना को लेकर 6 सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है।**

याचिका में अधिवक्ता पलक सक्सैना ने अदालत को बताया कि प्रदेश में हाथ से मैला ढोने वालों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 के प्रावधानों की अवहेलना की जा रही है। जयपुर और जोधपुर जैसे बड़े शहरों में सरकार इस अधिनियम के प्रावधान लागू करने में विफल रही है। जिसके चलते हाथ से मैला ढोने और सीवर की सफाई के दौरान दुखद घटनाएं हुई हैं। याचिका में कहा गया कि गत 17 अप्रैल को सीवर की सफाई के लिए दो मजदूर को चैंबर में उतारा गया। जिससे दम घुटने से उनकी मौत हो गई, जबकि मैनहोल की सफाई मशीनों से करने का प्रावधान है। सीवर सफाई का कार्य नगर निगम के अधिकारियों के निर्देश और मार्गदर्शन में होता है। ऐसे में ऐसी घटनाओं के लिए वे जिम्मेदार है। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने निगम आयुक्त और उपायुक्त सहित संबंधित ठेकेदार को हाजिर होकर इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है।गौरतलब है कि झोटवाड़ा नगर निगम एरिया के तहत करधनी इलाके में 17 अप्रैल को सफाईकर्मी अजय और रामबाबू बिना सुरक्षा उपकरण सीवर लाइन साफ करने उतरे थे। इस दौरान जहरीली गैस के संपर्क में आने से उनकी मौत हो गई। घटना को लेकर 6 सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है।

## जेकेके में सजेगी पुराने गीतों की महफिल

**जयपुर ।** संगीत ग्रुप अरुणाज़ गीत गाता चल की ओर से 2 मई को "गा मेरे मन गा-सीजन 6" कार्यक्रम का आयोजन जवाहर कला केन्द्र में किया जाएगा। इन्द्रधनुष शीर्षक से होने वाला यह कार्यक्रम मशहूर संगीतकार ओ.पी. नैय्यर, लक्ष्मीकान्त-प्यारेलाल और आर.डी.बर्मन द्वारा संगीतबद्ध गीतों को समर्पित रहेगा।

कार्यक्रम में उनके सुपर हिट संगीत से सजे एकल और युगल गीतों की महफ़िल सजाई जाएगी। श्रोता बॉलीवुड गीतों के स्वर्णकाल कहे जाने वाले दौर के लगभग 27 मीठे-मधुर गीतों का लुत्फ़ उठा सकेंगे। कार्यक्रम में 1950 से 1990 के दशक के चुनिंदा गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। यह कार्यक्रम शाम साढ़े पाँच बजे जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में होगा। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## गुजरात-महाराष्ट्र के लोगों से राज्यपाल ने किया संवाद

■ **लोकभवन में महाराष्ट्र और गुजरात का स्थापना दिवस मनाया गया**

**जयपुर ।** लोकभवन में शुक्रवार को महाराष्ट्र और गुजरात राज्य का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने इस दौरान दोनों राज्यों के लोगों से संवाद कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और गुजरात के भाषायी आधार पर अलग राज्य बनने के बाद से ही दोनों ने राष्ट्रीय प्रगति में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

राज्यपाल बागडे ने महाराष्ट्र और गुजरात को स्वाधीनता आंदोलन की उर्वर भूमि बताते हुए सरदार पटेल, महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक आदि का भी स्मरण किया।

राज्यपाल ने कहा कि औद्योगिक विकास के साथ गुजरात ने देशभर में अपनी उत्सवधर्मी सांस्कृतिक, सामाजिक परम्पराओं से भी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने महाराष्ट्र को अध्यात्म, दर्शन और संत परम्पराओं की धरती बताते हुए कहा कि संत तुकाराम, स्वामी समर्थ रामदास जी जैसे संतों की इस धरती पर ही छत्रपति शिवाजी, सावरकर, डॉ. भीमराव अम्बेडकर जैसे व्यक्तित्वो ने समाज में सकारात्मक बदलाव की पहल की।

बागडे ने कहा कि लोकभवन में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अंर्तगत राज्यों के स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि विविधता में एकता की हमारी अनूठी संस्कृति को हम अनुभूत कर सकें। उन्होंने अतीत की परम्पराओं को सहेजते हुए दोनों ही प्रदेशों की समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस मौके पर राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी भी उपस्थित रहे।

## पेयजल समस्या से परेशान महिलाओं ने मटके फोड़े-

**जयपुर ।** निवर्तमान कांग्रेस पार्षद पं. करण शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को पेयजल समस्या को लेकर महिलाओं ने जलदाय विभाग के सिविल लाइंस फाटक स्थित कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत से जूझ रही महिलाओं ने जलदाय विभाग के कार्यालय के बाहर खाली मटके फोड़कर विभाग की कार्यप्रणाली के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए पार्षद पंडित करण शर्मा ने कहा कि, "पूरा शहर भीषण गर्मी की तपिश झेल रहा है और स्वेज फार्म की जनता बूंद-बूंद पानी को तरस रही है। जलदाय विभाग के अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। आज महिलाओं ने मटके फोड़कर यह संदेश दिया है कि यदि विभाग की कुंभकर्णी नींद नहीं खुली, तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन और उग्र होगा।

## डॉ. राकेश हूजा की स्मृति में संगोष्ठी का आयोजन

**जयपुर ।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि स्वर्गीय डॉ. राकेश हूजा सम्मानित शिक्षाविद् और संस्थान निर्माता थे, जो राजस्थान के विकास के प्रति गहराई से समर्पित थे। उन्होंने 1994-95 में कमांड एरिया डेवलपमेंट विभाग में उनके अधीन कार्य करने तथा बाद में एचसीएमरीपा के डायरेक्टर जनरल के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान उनके साथ काम करने की स्मृतियां साझा की। दरअसल डॉ. राकेश हूजा की स्मृति में शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में संगोष्ठी आयोजित की गई। जयपुर में यह संगोष्ठी का प्रथम संस्करण था, जो कि 'रिफॉर्मेटिव गवर्नेंस' विषय पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास ने कहा कि डॉ. हूजा की विरासत उनके शैक्षिणक योगदानों के माध्यम से आज भी जीवित है। श्रीनिवास ने उन्हें अपने साथ कार्य करने वाले सबसे विद्वान आईएएस अधिकारियों में से एक बताते हुए शासन में तकनीक की भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आधार, डीबीटी, यूपीआई और मनरेगा जैसी डिजिटल पहलों एवं कल्याणकारी योजनाओं ने सेवा वितरण को और अधिक सशक्त बनाया है। उन्होंने इस संगोष्ठी को 'विकसित राजस्थान' की दिशा में सुधारों पर विचार-विमर्श के लिए समयानुकूल बताया।

# रीको के नए प्रावधान से औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ेंगी जनसुविधाएं

## औद्योगिक क्षेत्रों में ही कामगारों को डिस्पेंसरी, विद्यालय तथा कामकाजी महिलाओं को मिल पायेगी क्रेच सुविधा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत उद्यमियों और कामगारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रीको ने अपने नियमों का सरलीकरण किया है। संशोधित प्रावधानों के तहत अब औद्योगिक क्षेत्रों में आवश्यक जनसुविधाओं के विकास के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है।

रीको भूमि निस्तारण नियम, 1979 के नियम 3 (जी) में आंशिक संशोधन करते हुए पुलिस चौकी, ईएसआई डिस्पेंसरी, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बाल देखभाल केंद्र (क्रेच) और सरकारी विद्यालयों के लिए भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इससे औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कार्यस्थल के आसपास ही आवश्यक सेवाएं मिल सकेंगी।

■ **नए प्रावधान के अनुसार पुलिस चौकी के लिए अधिकतम 1 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित होगी, जिस पर केवल 10 रुपये का एकमुश्त आर्थिक किराया लिया जाएगा और कोई सेवा शुल्क देय नहीं होगा।**

नए प्रावधान के अनुसार पुलिस चौकी के लिए अधिकतम 1 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित होगी, जिस पर केवल 10 रुपये का एकमुश्त आर्थिक किराया लिया जाएगा और कोई सेवा शुल्क देय नहीं होगा। इसी प्रकार सर्विस एरिया में सरकारी विद्यालयों के लिए भी भूमि निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग या स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) के माध्यम से 250 वर्गमीटर या अधिक क्षेत्रफल पर क्रेच स्थापित करने के लिए भी भूमि निःशुल्क दी जाएगी। इस पर भी केवल 10 रुपये का एकमुश्त किराया लिया जाएगा और सेवा शुल्क माफ रहेगा। एसपीवी में संबंधित औद्योगिक क्षेत्र के उद्यिमयों या भू-आवंटियों की भागीदारी आवश्यक होगी।

इसके अतिरिक्त उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान सरकार को कैलिब्रेशन टावर के लिए 500 वर्गमीटर तक तथा उपभोक्ता मामले विभाग को वर्किंग और सेकेंडरी स्टैंडर्ड लैब स्थापित करने के लिए क्रमशः 350 और 660 वर्गमीटर तक भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता होने पर प्रचलित दरों के अनुसार आवंटन किया जाएगा।

रीको के इन नए प्रावधानों से औद्योगिक क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और बाल देखभाल जैसी सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे न केवल उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि कामगारों और स्थानीय नागरिकों को भी बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्व-गणना में लिया भाग




**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनगणना 2027 के तहत 1 मई से प्रारंभ हुई स्व-गणना में स्वयं भाग लेकर नागरिकों को प्रेरित किया। उन्होंने आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपना विवरण भरते हुए आवश्यक जानकारी दर्ज कर फॉर्म सबमिट किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना 2027 डिजिटल और विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस महाअभियान से प्रत्येक नागरिक जुड़े एवं राष्ट्र निर्माण के इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग देकर इसे सफल बनाए।

■ **मुख्यमंत्री ने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण से जुड़े इस महाअभियान में जुड़ने की अपील की**

उल्लेखनीय है कि राजस्थान में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत प्रगणक 16 मई से घर-घर जाकर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी कार्य शुरू करेंगे। इससे 15 दिन पहले 1 मई से 15 मई तक आमजन को स्व-गणना की विशेष सुविधा दी गई है, जिसमें नागरिक स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं।

## सार-समाचार

### अमृतम् जल सेवा मंदिर का उद्घाटन



**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा मजदूर दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सीतापुरा स्थित रीको औद्योगिक क्षेत्र में अमृतम् (प्रभु कृपा) जल सेवा मंदिर का उद्घाटन किया गया। यह पहल भीषण गर्मी में श्रमिकों, राहगीरों एवं आमजन को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। ट्रस्ट अध्यक्ष सेनि. आरएएस एन.एल.वर्मा ने कहा कि मजदूर दिवस पर श्रमिकों के सम्मान एवं बुद्ध पूर्णिमा के संदेश-करुणा, सेवा और मानवता-को ध्यान में रखते हुए यह जल सेवा मंदिर समाज के लिए एक सराहनीय पहल है। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में वरिष्ठ आचार्य व चिकित्सक, ट्रस्ट सदस्य एवं मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा अमृतम् जल सेवा मंदिर तीन स्थानों पर लगाये जा चुके है, जिनमें चेतक मार्ग, इंडिया गेट एवं एनएवी सर्किल सीतापुरा है। आयोजन समिति ने बताया कि यह सेवा निरंतर संचालित रहेगी, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर संरक्षक ओम प्रकाश पोद्दार, ओच्चित्य पोद्दार, दुर्गा वर्मा, कौशल सत्यार्थी, धर्मपाल, धर्मेश, दीपिका, लवीना, मनीष, रूपेंद्र, धर्मेन्द्र आलोरिया सहित अनेक लोग व श्रमिक भी उपस्थित रहे।

### शुभम क्लब की वार्षिक बैठक संपन्न



**जयपुर।** महिलाओं ने शाम म्यूज़िक, मस्ती और डांस के साथ खास बनाई, जहां सभी मेंबर्स के बीच सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण देखने को मिला, कुछ ऐसा नजारा था शुभम क्लब की वार्षिक एजीएम मीटिंग 2026-27 का। जिसे इस वर्ष सेलिब्रेटिंग यू... वेयर एव्री मोमेंट रिफ्लेक्ट्स योर लाइट थीम पर रखा गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्य की विशिष्टता, आत्मविश्वास और सामूहिक विकास की भावना को उजागर किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बैठक रही, जिसमें 2025-26 के लिए क्लब की बोर्ड टीम को यथावत रखा गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष प्राची अग्रवाल एवं सचिव राशि गाड़िया के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने क्लब की उपलब्धियों, गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों को प्रेरित किया। इस दौरान क्लब की संस्थापक सदस्य, ब्रिंदा रूंगटा, माला खेतान एवं सरोज गोयल उपस्थित रही। वर्तमान कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पल्लवी पाटनी, संयुक्त सचिव पूजा धड्डा, उपासना बजाज एवं कोषाध्यक्ष स्नेहा काबरा व सविता पंसारी शामिल हैं। निदेशक मंडल में राधा माहेश्वरी, ज्योति जैन, मोनिका आर्या, वसुंधरा काबरा, राधिका अग्रवाल, शिखा बावरी, मीना काबरा, स्मिता पोद्दार शामिल हैं।

### श्रमिकों के लिए विशेष शिविर लगाया



**जयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने अन्तर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर राजकीय महात्मा गांधी सीनियर सैकण्डरी स्कूल, बडौदिया बस्ती, जयपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। अतिरिक्त जिला न्यायाधीश पल्लवी शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में श्रमिकों के श्रम कार्ड आदि बनवाये गये तथा श्रम कार्डों के आधार पर राजस्थान सरकार द्वारा जारी विभिन्न जनकल्याणकारी स्कीमों के लाभ उन तक पहुंचाने के प्रयास किये गए। श्रमिकों के लिए मेडिकल कैम्प लगाकर उनके स्वास्थ्य की जांच की की गई। गुलाबबाड़ी उद्यान बनीपार्क में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को मजदूर डायरी की वितरण किया गया। इस कार्यक्रमों में कुल 485 श्रमिक व आमजन लाभान्वित हुए। कार्यक्रमों में श्रम विभाग से लेबर इंस्पेक्टर आकाश आर्य, लेबर यूनियन ओमप्रकाश, एक्शन एड एन.जी.ओ से कार्यकर्ता, गीतांजलि अस्पताल से डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय से देवेन्द्र कुमार, प्रकाश मीणा, अब्दुल हाफिज और कमल सिंह उपस्थित रहे।

### मनरेगा में स्वीकृत अधूरे कार्यों को जल्द पूर्ण कराएं : सत्यानी

**जयपुर ।** ईजीएस आयुक्त पुष्पा सत्यानी ने सोमवार को महात्मा गांधी नरेगा योजना के सम्बंध में सभी जिलों के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ शासन सचिवालय से वी.सी. के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने राज्य में महात्मा गांधी नरेगा योजना के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में सभी जिलों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर योजना में पूर्व स्वीकृत समस्त अपूर्ण कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करवाने, जिलों को महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत जारी लक्ष्यानुसार श्रमिक नियोजन करते हुए अधिक से अधिक जॉब कार्डधारी परिवारों को निर्धारित समयावधि में रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने महात्मा गांधी नरेगा योजना में राज्य में पंचायत पौधशालाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि जिले की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पौधशालाओं में पौधों का चयन करें ताकि मानसून के दौरान राज्य की पौधशालाओं में विभिन्न प्रकार के पौधों की किस्म तैयार हो सके।

## सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स की पालना से साफ होंगे शहर

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026 की प्रभावी क्रियान्विति तथा नगरीय निकायों में स्वच्छता व्यवस्थाओं को सुदृढ़ एवं परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी नगरीय निकायों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक विभाग प्रतीक जुइकर, मुख्य अभियंता, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) अरुण व्यास सहित अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे । शासन सचिव रवि जैन ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026 के प्रमुख प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देते हुए सभी नगरीय निकायों को इनकी शत-प्रतिशत एवं प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बल्क वेस्ट जनरेटर्स के लिए निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा रंग आधारित कचरा पात्र (कलर कोडिंग) की व्यवस्था को जमीनी स्तर पर पूर्ण रूप से लागू किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्त्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण सुनिश्चित किया ।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण की प्रक्रिया में आई तेजी

## 918 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के कार्यों के लिए स्वीकृति पत्र हुआ जारी

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जयपुर में सार्वजनिक परिवहन की जीवन रेखा जयपुर मेट्रो फेज-2 का कार्य जल्द शुरू होगा। जयपुर मेट्रो रेल कॉर्परिशन लिमिटेड ने एलिवेटेड वायाडक्ट और 10 एलिवेटेड स्टेशन के डिजाइन एवं निर्माण कार्य के लिए 918.04 करोड़ से अधिक की लागत के कार्यों के लिए एलओए (स्वीकृति पत्र) जारी किया है।

■ **जल्द शुरू होगा प्रहलादपुरा से पिंजरापोल गौशाला तक के 12 किलोमीटर के कॉरिडोर का निर्माण कार्य**

■ **एलिवेटेड वायाडक्ट और 10 एलिवेटेड स्टेशन के डिजाइन और निर्माण का होगा कार्य**

इस स्वीकृति पत्र के तहत फर्म को जयपुर मेट्रो फेज-2 के पहले पैकेज में प्रहलादपुरा से पिंजरापोल गोशाला तक के 12 किलोमीटर के कॉरिडोर के लिए एलिवेटेड वायाडक्ट और 10 एलिवेटेड स्टेशन (प्रहलादपुरा, मानपुरा, बीलवा कलां, बीलवा, गोनेर मोड़, सीतापुरा, जेईसीसी, कुंभा मार्ग, हल्दीघाटी गेट और पिंजरापोल गोशाला) के डिजाइन एवं निर्माण पूर्ण करना होगा। इसके साथ ही जयपुर मेट्रो फेज-2 के डिपो की ओर जाने वाली स्पर लाइन का निर्माण कार्य पैकेज में शामिल है। मुख्यमंत्री द्वारा मेट्रो के अधिकारियों को कुल 41 किलोमीटर में से शेष 29 किलोमीटर के लिए भी शीघ्र निविदा आमंत्रित करने के लिए निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में 13,037.66 करोड़ रुपये की इस परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर मेट्रो रेल परियोजना की एक उच्च स्तरीय बैठक में इसके त्वरित क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिये थे।

## गार्ड ने की बच्चियों के साथ अभद्रता

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के थाना इलाके में स्कूल जाती नाबालिग बच्चियों के साथ छेड़छाड़ कर उन्हे मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो दिखाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है। वहीं पुलिस आरोपी के मोबाइल फोन की जांच करने में जुटी है। पुलिस ने बताया कि एक सिक्योरिटी गार्ड ने शुक्रवार सुबह पैदल जा रहीं स्कूल की नाबालिग बच्चियों को रोककर उनके साथ अश्लील हरकते की और मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो दिखाए। बच्चियों ने आरोपी गार्ड की हरकते देख विरोध किया और शोर मचा दिया। इस पर आरोपी गार्ड मौके से फरार हो गया। बच्चियों ने घर पहुंच कर मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद गुस्साए परिजनों ने आरोपी गार्ड के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए कुछ ही देर में आरोपी गार्ड को हिरासत में ले लिया।

# ध्यान और चिंतन से जीवन को आनंदित किया जा सकता है : डॉ. जय मदान

**हरिद्वार।** केन्द्र सरकारके जनजातीय कार्य मंत्रालय के पदाधिकारियों का दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' 30 अप्रैल से 1 मई तक पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार में सम्पन्न हुआ। शिविर का आयोजन मंत्रालय द्वारा जनजातीय समुदायों के समग्र विकास के उद्देश्य से किया गया। शिविर में, भारत के विभिन्न राज्यों के प्रधान सचिव, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, विशेषज्ञों और अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शुभारम्भ डॉ. अर्चना तिवारी व उनकी टीम के समूहगान से हुआ। भारत सरकार के प्रतिनिधि मनीष त्रिपाठी ने ग्रामीण समाज में आजीविका मॉडल की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जनजातीय विकास, अर्थव्यवस्था और सतत आजीविका के क्षेत्र में जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों को साझा किया। इस अवसर पर जनजातीय वर्गों के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा की तथा भावी योजनाओं को सुदृढ़ बनाने हेतु रणनीतियों पर बल दिया।

प्रसिद्ध ज्योतिषी व वास्तु विशेषज्ञ डॉ. जय मदान ने वास्तु के माध्यम से जीवन में संतुलन और सकारात्मकता बनाए रखने के उपाय बताए। उन्होंने वैदिक ग्रंथ ऋग्वेद में वर्णित पवित्र पेय 'सोम' का उल्लेख करते हुए बताया कि यह सोमलता से निर्मित औषधीय रस था, जिसे यज्ञों में देवताओं को अर्पित किया जाता था। चंद्रमा का अमृत शरीर को शीतलता और आंतरिक प्रसन्नता प्रदान करने का प्रतीक माना गया है।



**पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार में केन्द्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के पदाधिकारियों का 'चिंतन शिविर' आयोजित हुआ।**

उन्होंने आध्यात्मिक योग को तन, मन और आत्मा का समन्वय बताया, जो साधक को परमात्मा से जोड़ता है। 'लक्ष्मीवान' शब्द समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने तीसरी आँख (आज्ञा चक्र) को जागृत करने हेतु त्राटक और ॐ जप जैसे सरल अभ्यासों पर जोर दिया, जो एकाग्रता और मानसिक शांति बढ़ाते हैं। ध्यान एवं चिंतन करने से जीवन में आनंद की अनुभूति होती है। इसके साथ ही, उन्होंने अपनी संतानों को केवल जैविक नहीं अपितु भविष्य की पीढ़ी के रूप में भी परिभाषित किया गया।

मंत्रालय प्रतिनिधि अतुल के. शाह ने कहा कि हमें अनावश्यक चिंता से बचते हुए आत्मविश्वास से जीवन जीना चाहिए। 'मुन्नाभाई' फिल्म का उदाहरण देते हुए बताया कि केवल कागजी ज्ञान पर्याप्त नहीं बल्कि सहानुभूति और शांति से समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी होता है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य व्यक्ति को व्यक्तिगत सफलता और आर्थिक प्रगति की ओर ले जाते हैं तथा समाज में सकारात्मक मूल्यों का निर्माण करते हैं। उन्होंने प्रतिदिन कम से कम एक बार खुलकर हँसने की सलाह दी, इसे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे तनाव के हार्मोन कम होते हैं। इस दौरान, अधिकारियों, विशेषज्ञों और सभी प्रतिनिधियों ने पतंजलि फूड, हर्बल गार्डन तथा अनुसंधान केंद्र का विस्तृत भ्रमण किया और गंगा आरती में भी सहभागिता की। उन्होंने किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के आयोजकों ने अतिथियों को प्रतीक चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## 12 जोड़े बने एक दूजे के हमसफर

**जयपुर।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा, जयपुर के तत्वाधान में 23वां सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन में 12 जोड़े एक-दूजे के हजारों समाज बंधुओं की मौजूदगी में हमसफर बने और एक-दूसरे का साथ निभाने का वचन लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधी चन्द शर्मा ने बताया की सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज के भगीरथ बंधुओ द्वारा समाज हित में एक सार्थक सोच व अंगद कदम हैं सामूहिक विवाह मात्र एक विवाह का आयोजन भर नहीं हैं अपितु इसके प्रभाव व समाज हित में लाभ बड़े दूरगामी हैं कन्या का विवाह करानें से बढ़कर कोई अन्य पुनीत कार्य नहीं है। अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा सैकड़ों कन्याओं के हाथ सामूहिक विवाह सम्मेलन के माध्यम से पीले कर रही हैं।

## वेबसाइट का नाम खुद तय कर सकेंगे

**नई दिल्ली।** इंटरनेट पर अपनी अलग पहचान बनाने की सोच रखने वाले संगठनों के लिए अब बड़ा मौका सामने आया है। इंटरनेट कॉर्पोरेशन फॉर असाइंड नेम्स एंड नंबर्स (आईसीएएनएन) ने नए जेनेरिक टॉप-लेवल डोमेन (जीटीएलडी) के लिए आवेदन की विंडो खोल दी है। यानि अब कंपनियां, संस्थाएँ या शहर अपने नाम से डॉट के बाद आने वाला हिस्सा खुद तय कर सकते हैं।

# भूमि पर कब्जे को लेकर दर्ज एफआईआर रद्द करने से इंकार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने मानसरोवर में निचली अदालत के स्टे शुदा भूमि पर कब्जा करने से जुड़े मामले में आरोपी प्रमोद शर्मा सहित अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस उमाशंकर व्यास की एकलपीठ ने यह आदेश प्रमोद शर्मा की ओर से दायर आपराधिक याचिका को खारिज करते हुए दिए।

याचिका में कहा गया कि उसके खिलाफ गत 13 जुलाई को मानसरोवर थाने में भूमि पर कब्जा करने की एफआईआर दर्ज कराई गई है। जबकि एफआईआर में उस पर कोई स्पष्ट आरोप नहीं लगाया गया है। इसके अलावा वह भूमि से जुड़ी दोनों गृह निर्माण सहकारी समितियों के कार्यों से जुड़ा हुआ नहीं है। इसके अलावा एफआईआर में ही बताया गया है कि जमीन को लेकर बीते दो दशक से पथिक गृह निर्माण सहकारी समिति और नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति के बीच सिविल विवाद चल रहा है। ऐसे में सिविल मामले को आपराधिक प्रकरण में बदलने के लिए यह एफआईआर दर्ज कराई गई है। एफआईआर के अनुसार सितंबर-अक्टूबर 2024 में कब्जा करने की बात कही है तो फिर 17 जुलाई, 2025 तक एफआईआर दर्ज क्यों नहीं कराई गई। ऐसे में उसके खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द किया जाए।

जिसका विरोध करते हुए परिवादी घनश्याम शर्मा के वकील गिर्राज प्रसाद शर्मा ने कहा कि आरोपी अपने आप को मुख्यमंत्री का साला बताकर प्रभाव जमाता है। जब पुलिस ने जांच के दौरान गत 15 अप्रैल और 17 अप्रैल को नोटिस दिया तो उसने यह याचिका दायर कर दी। जबकि अभी मामले में अनुसंधान शुरू ही हुआ है।

## सार-समाचार

### 32 जोड़े परिणय बंधन में बंधे

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** शुक्रवार को पीपल पूर्णिमा के अवसर पर सैनी समाज विकास व सेवा समिति द्वारा द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। खरेटा रोड स्थित प्रह्लाद कुंड पर आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 32 जोड़े वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधे। इस आयोजन में सर्व समाज के लोगों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए प्रह्लाद कुंड परिसर में करीब 15 बीघा भूमि पर व्यापक तैयारियां की गईं थीं। वर-वधू और उनके परिजनों के ठहरने के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं की गईं। विवाह रस्मों के लिए, मंडप, मंच और विशाल भोजन पंडाल एक दिन पहले ही टेंट लगाकर तैयार कर दिए गए थे। सुबह 9 बजे शहर की कंकलवाल बगीची से दूल्हों की सामूहिक निकासी डीजे के साथ शुरू हुई। बारात के रूप में निकले दूल्हों का शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। अग्नि के समक्ष मंत्रोच्चार के बीच 32 जोड़ों ने सात फेरे लेकर नए जीवन की शुरुआत की। इस दौरान पंडाल में धार्मिक माहौल और भक्ति भाव का वातावरण बना रहा। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन की खास बात यह रही कि कन्यादान में सर्व समाज के लोगों ने सहयोग किया। आयोजन स्थल पर भोजन व्यवस्था के लिए करीब 12 भट्टियां लगाई गई, जहां 15 से 20 हजार लोगों के लिए भोजन तैयार किया गया। महिलाओं ने महिला पंडाल में भोजन वितरण की जिम्मेदारी संभाली। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन की खास बात यह रही कि कन्यादान में सर्व समाज के लोगों ने सहयोग किया। आयोजन स्थल पर भोजन व्यवस्था के लिए करीब 12 भट्टियां लगाई गई, जहां 15 से 20 हजार लोगों के लिए भोजन तैयार किया गया। महिलाओं ने महिला पंडाल में भोजन वितरण की जिम्मेदारी संभाली।

### सार्वजनिक स्थलों पर परिण्डे लगाए

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, जुगीनपुरा स्थानीय संघ के तत्वाधान में ग्राम जुगीनपुरा में ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर परिण्डा अभियान का शुभारंभ सामाजिक सरोकारों के साथ किया गया। अभियान का शुभारंभ करते हुए वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता हाकिम सिंह बैसला ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक स्थानों पर परिण्डे लगाने और नियमित रूप से उनमें पानी भरने की अपील की। उन्होंने बताया कि स्काउट-गाइड द्वारा यह अभियान प्रतिवर्ष संचालित किया जाता है, जिसमें ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग मिलता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी गांव के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर परिण्डे लगाए गए, ताकि पक्षियों को सहज रूप से पानी उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर नवचयनित आरएएस मनीषा बैसला ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया। स्काउट मास्टर राजेश शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी से अभियान को सफल बनाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रेत बाबा के स्थान, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जुगीनपुरा, मुख्य बस स्टैंड, सुरेंद्र सिंह के निवास तथा मंदिर परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर परिण्डे लगाए गए। इस दौरान ग्रामवासी कलुआ ड्राइवर, फिरंगी, गौरव, हरदयाल, पं. चक्रपाणी सारस्वत तथा छात्र नवीन, समर, नीरज, महेश सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्काउट-गाइड सदस्यों ने ग्रामवासियों के सहयोग से परिण्डों में पानी भरने की जिम्मेदारी भी ली और पूरे ग्रीष्मकाल में इन्हें नियमित रूप से संचालित करने का संकल्प लिया।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्यवाही

**सवाई माधोपुर, (निसं)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉक्टर टी शुभमंगला मैडम के निर्देश पर प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सी एम एच ओ सवाई माधोपुर डॉक्टर अनिल कुमार जैमिनी के नेतृत्व में फूड सेफ्टी ऑफिसर वेद प्रकाश पूर्विया व नितेश गौतम की टीम ने शुक्रवार को रीको इंडस्ट्रियल एरिया खेरदा में बड़ी कारवाही को अंजाम दिया। यहां श्री बालाजी ट्रेडिंग के यहां बड़ी मात्रा एनर्जी ड्रिंक की खेप जो कि मार्केट में सप्लाई की जा रही थी के 2 नमूने एनफोर्समेंट में लेकर को मोके पर ही सीज किया। जिसकी मात्रा 2100 कार्टनों में लगभग 13000 लीटर थी। टीम ने रीको खेरदा स्थित पवन पेप्सी एजेंसी से भी 2 नमूने रेडी टू सर्व बेवरेज व कार्बोनेटेड वाटर के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत लिए। लैब रिपोर्ट प्राप्त होने पर तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार सख्त अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।इसके अलावा रीको इंडस्ट्रियल एरिया में कई फूड्स गोदामो का इंस्पेक्शन कर उनको पकाने में काम लेने वाले केमिकल की जाँच की कही इथाइलीन की जगह कार्बाइड का उपयोग तो नहीं कर रहे लेकिन सभी जगह इथाइलीन गैस से फ्रूट्स को पकाना पाया गया।टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश पूर्विया व खाद्य सुरक्षा अधिकारी नितेश गौतम शामिल रहे।

### आरोपी को सिविल जेल भेजा

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** बकाया राशि का भुगतान न करने पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर सिविल जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई अतिरिक्त सिविल न्यायालय संख्या-1 की न्यायाधीश पूजा मीना के निर्देश पर शुक्रवार को की गई। न्यायालय के नाजिर हितेश गोयल ने बताया यह मामला वर्ष 2019 का है। इसमें हिंडौन सिटी के मियां पाड़ा निवासी मदरून रहीस खां ने विकास कुमार पुत्र कैलाश चंद से 1 लाख 10 हजार रुपए उधार लिए थे। राशि वापस न करने पर ये मामला कोर्ट पहुंचा। 3 अक्टूबर 2023 को अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश, हिंडौन सिटी ने निर्णय सुनाते हुए मूल राशि पर 6 प्रतिशत ब्याज सहित भुगतान करने का आदेश दिया था। कोर्ट के इस आदेश का पालन न होने पर वाद क्रमांक 23/2024 में सीपीसी के आदेश 21 नियम 38 के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। शुक्रवार को न्यायालय के नाजिर हितेश कुमार गोयल ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मदरून रहीस खां को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को सिविल जेल भेजने का आदेश दिया।

### दूषित व बदबूदार पानी से आमजन परेशान

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहरा रहा है। वार्ड संख्या 17 के निवासियों ने इस समस्या को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने वार्ड में नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने की मांग की है। वार्डवासी और समाजसेवी उदय सिंह धाकड़ ने बताया-खेड़िया रोड स्थित पानी की टंकी से घरों में दूषित और बदबूदार पानी आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुरानी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण यह गंदा पानी घरों तक पहुंच रहा है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि वार्ड की कई गलियों में पिछले आठ वर्षों से पानी नहीं पहुंच रहा है। क्षेत्र के लोग भीषण गर्मी में पेयजल के लिए भटकने को मजबूर हैं।

# ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत 103 आरोपी गिरफ्तार

■ साइबर अपराधियों के विरुद्ध डीग पुलिस का महा-अभियान

**डीग/भरतपुर, (निसं)।** डीग पुलिस ने साइबर अपराध पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन म्यूल हंटर के तहत व्यापक अभियान चलाया, जिसमें साइबर ठगी में लिप्त अपराधियों और कमीशन के आधार पर बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए। इस अभियान के दौरान कुल 103 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा विभिन्न धाराओं में 34 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

एस पी शरण गोपीनाथ ने बताया है कि जांच के दौरान यह सामने आया कि इन साइबर ठगों के विरुद्ध राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर कुल 156 शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें लगभग 4.80 करोड़ रुपये की ठगी के मामले शामिल हैं। यह आंकड़े साइबर अपराध के बढ़ते दायरे और संगठित नेटवर्क की गंभीरता को दर्शाते हैं।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में सामग्री जब्त की है, जिसमें 108 एंड्रायड मोबाइल फोन, 158 फर्जी सिम कार्ड, 20 एटीएम कार्ड, 18 बैंक पासबुक, 9 चेकबुक, एक थार गाड़ी तथा 2 लाख 32 हजार रुपये नकद शामिल हैं। इसके साथ ही साइबर नेटवर्क को कमजोर करने के उद्देश्य से 1074 सिम कार्ड और 1056 आईएमईआई नंबर ब्लॉक कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सहयोग के तहत डीग पुलिस ने अन्य राज्यों से आई पुलिस टीमों को सहयोग प्रदान करते हुए पांच वांछित अपराधियों को पकड़कर संबंधित राज्यों को सुपुर्द किया। साथ ही अभियान के दौरान उन व्यक्तियों को भी चिन्हित किया गया, जो कमीशन के लालच में अपने बैंक खाते साइबर ठगों को उपलब्ध कराते हैं, और उनके विरुद्ध भी विधिक कार्रवाई की जा रही है। जांच में साइबर ठगों के कार्य करने के विभिन्न तरीके सामने आए हैं। इनमें व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से परिचित बनकर पैसे मांगना, सेक्सटॉर्शन के जरिए ब्लैकमेल करना, फर्जी नौकरी के नाम पर एडवांस राशि लेना, पुराने सिक्के या नोट खरीदने का झांसा देना तथा सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन डालकर टैक्स या फाइल चार्ज के नाम पर पैसे वसूलना शामिल है। ठग ठगी की राशि को तुरंत विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर अपनी पहचान छिपाने का प्रयास करते हैं। एस पी के अनुसार साइबर अपराध की रोकथाम के लिए, डीग पुलिस द्वारा जन-जागरूकता पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक स्वयं साइबर अपराध से प्रभावित क्षेत्रों में जाकर युवाओं से संवाद कर उन्हें इसके कानूनी और सामाजिक दुष्परिणामों से अवगत करा रहे हैं। अभियान के दौरान आम नागरिकों के नाम पर सिम जारी कर साइबर ठगों को उपलब्ध कराने वाले दो पीओएस सिम विक्रेता एजेंटों के विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज किए गए हैं। एस पी शरण गोपीनाथ ने स्पष्ट किया है कि साइबर अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। आमजन से अपील की गई है कि वे अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड या सिम किसी अनजान व्यक्ति को न दें, क्योंकि दुरुपयोग की स्थिति में संबंधित व्यक्ति भी कानूनी कार्रवाई के दायरे में आ सकता है। किसी भी संदिग्ध साइबर गतिविधि की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में देने के लिए कहा गया है। उन्होंने सख्त संदेश देते हुए कहा है कि साइबर अपराधियों के लिए डीग जिले में कोई स्थान नहीं है,या तो वे अपराध छोड़ दें या जिला छोड़ दें।

### श्रमिक दिवस मनाया

**भरतपुर, (निसं)।** अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में नगला गोपाल स्थित एसटीपी साईट पर अधिशाषी अभियन्ता राजुल कुमार के मार्गदर्शन में आरयूआईडीपी की जन जागरुकता एवं जन सहभागिता ईकाई (कैप) द्वारा उपस्थित श्रमिक समूह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया।

जिसकी अध्यक्षता सहा. अभियन्ता अरविन्द तोमर ने की। कार्यक्रम में अरविन्द तोमर ने कहा कि, मई दिवस श्रमिकों को सम्मान देने, उनके अधिकारों की रक्षा और विकास में उनके योगदान के लिये समर्पित है। देश की समृद्धि व प्रगति में श्रमिकों की भूमिका को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

# आपसी समन्वय व समझाइश से हटवाया अतिक्रमण

**भरतपुर, (निसं)।** राजस्थान सरकार की कृषक, पशुपालक एवं ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु एलईडी मोबाइल वैन ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नदबई पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नयावास में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम रथ के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों एवं लाभकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और अभियान की सराहना की।

ग्राम रथ अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत नयावास में आयोजित शिविर के दौरान ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी सचिन यादव को नदबई-खेड़ली रोड से गांव नयावास को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर अतिक्रमण के संबंधित परिवाद प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि कुछ लोगों द्वारा मुख्य सड़क पर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे बरसात एवं जलभराव की समस्या उत्पन्न होने के कारण आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उपखंड अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही ग्रामीणों से समझाइश व आपसी समन्वय के माध्यम से अतिक्रमण हटवाया गया, सड़क पर जलभराव की समस्या का भी समाधान करवाया गया। इससे अब ग्रामवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। समस्त ग्रामीणों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर प्रशिक्षण शिविर शुरू

**सूरौठ, (निसं)।** आगामी जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की तैयारियों के तहत सूरौठ तहसील प्रशासन द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। चार्ज जनगणना अधिकारी एवं तहसीलदार संजीव धाकड़ सूरौठ के निर्देशन में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 मई से 9 मई 2026 तक चलेगा। प्रशिक्षण का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सूरौठ में किया जा रहा है, जिसमें जनगणना कार्य में नियुक्त प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य एमडी भावना द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से जनसंख्या, आवास, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से जुड़े आंकड़े संकलित किए जाते हैं।

प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर डॉ. ओमप्रकाश जाटव, श्याम सुंदर प्रजापत, पालन सिंह गंधार एवं देवी सिंह सैनी द्वारा जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकान गणना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने कर्मचारियों को घर-घर सर्वे की प्रक्रिया, आंकड़ों के सही संकलन, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन डेटा एंट्री, फॉर्म भरने की तकनीकी प्रक्रिया तथा सर्वेक्षण से जुड़े नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की, पालन सिंह गंधार के द्वारा जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूची करण, एवं मकान गणना का प्रशिक्षण चार्ज अधिकारी तहसीलदार सूरौठ के नेतृत्व में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सूरौठ में प्रशिक्षण प्रदान किया गया, चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार सूरौठ ने प्रशिक्षण में उपस्थित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना कार्य को पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित कर्मचारियों के माध्यम से ही यह कार्य अधिक सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न होगा।

प्रशासन ने प्रशिक्षण में नियुक्त सभी कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य की है तथा स्पष्ट किया है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तहसील प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक सूचना जारी कर दी गई है। जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशासनिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में जनगणना कार्य को व्यवस्थित एवं सटीक रूप से पूरा किया जा सकेगा।

### बैठक सम्पन्न

**करौली,(निसं)।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला निष्पादन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने विद्यालयों में हाईटेंशन तारो की स्थिति की समीक्षा की एवं जहाँ भी बिजली के तार गुजर रहे हैं उन्हें हटाने की कार्यवाही प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अपील वीडियो के माध्यम से व माता-पिता से बात कर छात्राओं को एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिए। इसी के साथ आगामी मानसून को देखते हुए जर्जर भवनों के संबंध में जारी प्रमाण-पत्र जिला मुख्यालय पहुँचाने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को प्रदान किए। उन्होंने मिड डे मिल के तहत निर्धारित समय में राशन आपूर्ति के आदेश जिला रसद अधिकारी को प्रदान किए। बैठक में आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर नीति आयोग द्वारा प्रदान की गई 3 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि के प्रभावी उपयोग को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी।

### बैठक आयोजित

**करौली, (निसं)।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में शुक्रवार को अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत गठित सतर्कता और मॉनिटरिंग समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में दर्ज प्रकरण, चार्जशीट प्रस्तुत प्रकरण, निस्तारित प्रकरणों की संख्या एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गयी।

# जिला कलक्टर ने सुनी समस्याएं

**करौली, (निसं)।** आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में गुरूवार को पंचायत समिति सपोटरा की ग्राम पंचायत लेदिया में रात्रि चौपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं संवेदनशीलता के साथ सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दियेइस दौरान जल जीवन मिशन के तहत टूटी सड़के सही करवाने, पेयजल की व्यवस्था करवाने, विद्युत कनेक्शन दिलवाने सहित चिकित्सा विभाग, राजस्व, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों के प्रकरण प्राप्त हुए। जिन पर जिला कलक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने रात्रि चौपाल एवं सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। रात्रि चौपाल के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लखन सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### बृजेंद्र सिंह सूपा की प्रतिमा का लोकार्पण

**बयाना/भरतपुर, (निसं)।** बयाना उपखंड के गांव सूपा में शुक्रवार को पूर्व विधायक व पूर्व राज्य मंत्री स्वर्गीय बृजेंद्र सिंह सूपा की स्मृति में नव स्थापित प्रतिमा व लोकोपयोगी भवन का लोकार्पण पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधि पत्र रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में सांसद भजनलाल जाटव, अहमदाबाद के पूर्व विधायक हिम्मत सिंह पटेल, पूर्व मंत्री डा.तेन्द्र सिंह, अशोक चांदना, विधायक रोहित बोहरा, घनश्याम महर, पूर्व विधायक गोपी चंद्र गुर्जर, मोतीलाल खरेरा, शमसुल हसन, सहित कांग्रेस के अनेकों दिग्गज मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र खतरे में है तानाशाही की जा रही है ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स और पुलिस का खुला दुरुपयोग किया जा रहा है। सरकार के लोग लोकतंत्र के हत्यारे है। उन्होंने भाजपा व डबल इंजन सता में बैठे लोगों का नाम लिए बिना जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि ये देश के विकास और जनता जनार्दन के उत्थान व देश की विदेश नीति और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के बजाय धर्म और जुमलेबाजी व तानाशाही कर और ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स का भय दिखाकर वोट व सत्ता हड़पने का काम करते है। अब तो चुनाव आयोग की भूमिका व विश्वसनीयता पर मतदाता भी संदेह करने लगे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रदेश की पर्ची सरकार के राज में आम जनता बुरी तरह दुखी है भरतपुर जिले के लोग ही अब अपने भजन लाल की भरतपुर में सूरत देखने को भी तरस गए है। उनके अपने गृह जिले भरतपुर में भी कोई काम नहीं हो रहे हैं भ्रष्टाचार व अपराध चरम पर है। राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने भी इस मौके पर भाजपा की डबल इंजन सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्हें देश व प्रदेश की जनता के हितों के बजाय अपनी-अपनी कुर्सी बचाने और सत्ता बनाए रखने की चिंता है।

### श्रमिक संगोष्ठी का आयोजन

**करौली, (निसं)।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आज 1 मई 2026 को जिला प्रशासन एवं एक्शनएड एसोसिएशन द्वारा पंचायत समिति मासलपुर एवं सपोटरा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि सपोटरा के बडोदा एवं मासलपुर के डाडा में श्रमिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों-विशेषकर निर्माण श्रमिकों, ईंट भट्ठे मजदूरों, घरेलू कामगारों एवं प्रवासी मजदूरों को उनके अधिकारों, श्रम कल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। इसके साथ ही बाल विवाह की रोकथाम एवं उन्मूलन तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने पर भी विशेष जोर दिया गया। मासलपुर डाडा एवं सपोटरा बडोदा क्षेत्र में श्रमिकों के लिए इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं, ताकि वे सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रह सकें।बीओसीडब्ल्यू बोर्ड के अंतर्गत लेबर कार्ड के लाभ, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं एवं न्यूनतम मजदूरी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम में श्रमिकों के सशक्तिकरण के लिए 'मजदूर पाठशाला' की अवधारणा एवं सामूहिक एकजुटता पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पोश अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई और उन्हें शोषण के विरुद्ध अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। मजदूरों को बाल विवाह की रोकथाम और उन्मूलन एवं बैक टू स्कूल अभियान के संबंध में जानकारी देकर अपने बच्चों के भविष्य के बारे में अवगत कराया। मजदूर दिवस के इस अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम श्रमिकों को उनके अधिकारों, कानूनों एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इस अवसर पर गोरव कुमारी, जगदीश जाट, स्वयंसेवक रामराज गुर्जर, आवास प्रभारी देवीशंकर सहित श्रमिक, आमजन एवं विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### स्कूल में 20 दिन से नहीं आ रही बिजली

**नादौती/करौली, (निसं)।** जिले के नादौती ब्लॉक अंतर्गत ठाम पंचायत रौंसी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विगत 20 दिनों से विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित है। विद्यालय के प्राचार्य हेमराज मीना द्वारा इस संबंध में शिक्षा विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को कई बार लिखित रूप से अवगत करने के उपरांत भी भीषण गर्मी के दौर में गंभीर समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया है। स्कूल विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य रामजीत पटेल द्वारा भी मुख्यमंत्री संपर्क हेल्पलाइन परशिकायत दर्ज कराने के साथ-साथ विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से दूरभाष पर कई बार संपर्क किया गया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। गौरतलब है कि भीषण गर्मी एवं हीट वेव को देखते हुए करौली जिला कलेक्टर द्वारा कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों का समय सुबह 11 बजे तक निर्धारित किया गया है, किंतु राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रौंसी में बिजली व्यवस्था ठप होने के कारण छात्रों को पंखों की सुविधा तो दूर, पीने के पानी तक के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इसके अतिरिक्त, प्रवेशोत्सव अभियान के दौरान विद्यालय का ऑनलाइन कार्य, जैसे नए प्रवेश, टी.सी. जारी करना आदि महत्वपूर्ण कार्य भी पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। वहीं ठाम पंचायत, भामाशाहों, विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों के सहयोग से परिसर में लगाए गए हजारों पौधे भी इस भीषण गर्मी में सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। स्कूल विकास एवं प्रबंधन समिति सदस्य रामजीत पटेल ने बताया कि यदि शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो पिछले तीन वर्षों में लगाए गए पेड़-पौधे पूर्णतः नष्ट हो जाएंगे, जिससे विद्यालय एवं ठाम समुदाय को अपूरणीय क्षति होगी।अतः संबंधित विभागों से निवेदन है कि इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान कर विद्यार्थियों के हितों एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं।

### सीट बुकिंग शुरू

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** श्री श्याम सेवा संघ मित्र मंडल (रजि) गंगापुर सिटी द्वारा बस यात्रा की प्रथम बस 11 मई को ममलेश्वर महादेव कचहरी रोड से साय5 बजे खाटूधाम रिंगस के लिए प्रस्थान करेगी। बस यात्रा शुल्क 700 रूपए प्रति व्यक्ति निर्धारित किया।


कार्यालय नगरपालिका सपोटरा जिला-करौली (राज)
क्रमांक/ नपास/2025-26/140 दिनांक 28.04.2026

**लोक सूचना**

श्री/श्रीमती खातेदारों के नाम:- खातेदार कमल पुत्र मिट्ठू हिस्सा- पूर्ण जाति-बैरवा सा पूठन की (रामठरा) सपोटरा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृर्षिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| जिले का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| करौली | सपोटरा | 263 | 0.0506 हैं. |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्ियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समक्षा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 28/04/2026 को जारी की गयी।

**प्राधिकारी अधिकारी**
**नगरपालिका सपोटरा**


### मुख्यमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन

**भरतपुर, (निसं)।** श्री हनुमान मन्दिर भूरी सिंह व्यायामशाला भरतपुर के महासचिव चुन्नी कप्तान व रिटा. रेंजर बाबूसिंह के नेतृत्व में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलक्टर भरतपुर के माध्यम से पत्र भेजा है जिसमें कहा है कि भूरी सिंह व्यायामशाला में प्राचीन अखाड़ा गत 80 वर्ष से संचालित है व इसके साथ ही तीन कसरत कक्ष भी बने हुए है। यहां आने वाले पहलवानों के अभ्यास हेतु व अखाड़े के सहारे पानी का कुआ पर्यावरण सुधार हेतु वृक्ष भी लगे हुए है। सड़क के चौड़ाईकरण के क्रम में शीशम तिराए से काली बगीची चौराहे तक सड़क निर्माण व फुटपाथ व नाला निर्माण का कार्य प्रारम्भ है। यहां आने वाले समस्त गणमान्य लोगों की इच्छा है कि तोड़फोड़ के दौरान अखाड़े व भैरव मन्दिर व कसरत कक्षों को नुकसान न पहुँचाया जावे, जिससे जिले की प्राचीन कुश्ती कला जीवन्त बनी रहे। जिला प्रशासन व जन सहयोग से अखाड़ा बीच सड़क से 60 फुट दूरी पर है।

# भगवान कल्याणजी ने किया नगर भ्रमण, कलश यात्रा निकाली

■ श्रीजी के स्वागत में उमड़ा जन सैलाब, पुष्प वर्षा कर आमजन ने की आरती

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** बैसाख मास की पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को भगवान कल्याणजी ने बैंडबाजों और गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण किया। इस दौरान एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रीजी के हजारों भक्त शामिल हुए। भगवान कल्याणजी के नगर भ्रमण और कलश यात्रा से पहले बजाजा ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्य और सैकड़ों महिला-पुरुष भक्त श्री कल्याणजी मंदिर पर एकत्रित हुए। यहां कल्याणजी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की गई।

निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल और भाजपा मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास ने भी शोभायात्रा में शिरकत की। ट्रस्ट अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने भगवान कल्याणजी की प्रतिमा को सिर पर रखकर फूलों से सजे रथ तक पहुंचाया, जहां प्रतिमा को विराजित किया गया। इसके बाद बैंडबाजे, डीजे और गाजे-बाजे के साथ रथ में सवार होकर भगवान कल्याणजी नगर भ्रमण के लिए रवाना हुए।

एसडीएम बृजेन्द्र मीणा को भगवान कल्याणजी के रथ का सारथी बनने का सौभाग्य मिला। भगवान की कलश यात्रा में 201 से अधिक महिलाएं सिर पर कलश लिए मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं, जबकि उत्साही युवक और महिलाएं भजनों पर नाचते-गाते हुए साथ थे। कार्यकारिणी मंत्री धर्मदेव आर्य ने बताया कि रथ भव्य कलश यात्रा श्रीजी मंदिर से शुरू होकर घासमंडी, चौपड़ बाजार, खारी बाजार, देवी स्टोर चौराहा, पुरानी अनाज मंडी स्थित सीतारामजी मंदिर की परिक्रमा करते हुए पुनः कल्याणजी मंदिर पहुंची। कलश यात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर और ठंडा पेय पिलाकर स्वागत किया गया। कार्यकारिणी मंत्री धर्मदेव आर्य ने बताया कि इस अवसर पर सभापति शिवरतन अग्रवाल, बजाजा ट्रस्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अशोक बंसल, कार्यक्रम संयोजक नरेन्द्र कुमार गुप्ता और नेमीचंद अग्रवाल सहित समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे। कलश यात्रा का थोक वस्त्र व्यापार कमेटी द्वारा देवी स्टोर चौराहे पर, अग्रवाल समाज समिति द्वारा और श्याम परिवार द्वारा व्यापार मंडल के पास पुष्पवर्षा कर तथा ठंडा पेय पिलाकर स्वागत किया गया।

वहीं, केदार गुर्जर और हरगोविंद कटारिया ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया। अग्रवाल समाज समिति उपाध्यक्ष मोहन मित्तल ठेकेदार, पूर्व अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, महेंद्र गर्ग, मिर्जापुर अध्यक्ष लक्ष्मी मिर्जापुर, पूर्व उपभापति दीपक सिंघल, दीनदयाल मच्छीपुरा, गोविंद बरनाला, वेदप्रकाश मंगल आदि ने ठंडाई पिलाकर स्वागत किया। एसडीएम सहित ट्रस्ट पदाधिकारियों का भी माला-साफा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर समिति के सतीश महस्वा, वेदप्रकाश व्याख्याता, मनीष जीवली, हेमेंद्र मित्तल, अशोक मंगल, ब्रजेश गुप्ता, अरुण गुप्ता, अनिल रिंकू, घनश्याम गोयल, महेश दलाल, सुनीता सरल, पिंकी गुप्ता, रजनी सिंघल, अनिता खूंटामार, निशा गोयल, सीता सिंघल, गोपाल सलेमपुर, रामावतार ढोला, कैलाश मित्तल, सद्भाव आर्य, मुकेश गुप्ता, धर्मप्रकाश आर्य काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### टंकण परीक्षा 21 मई को

**करौली, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष टंकण परीक्षा आयोजन समिति हेमराज परिडवाल ने बताया कि करौली जिले में पदस्थापित अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कार्मिकों की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा 21 मई को राजकीय महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सॉफ्टवेयर के माध्यम से आयोजित की जाएगी एवं इसके प्रवेश पत्र जिले की आधिकारिक बेवसाइट पर अपलोड किये जा चुके है। कार्मिकों को निर्दिष्ट किया की नियत तिथि पर फोटो युक्त पहचान पत्र लेकर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।


**कार्यालय सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, करौली**
(वीणा मैमोरियल डिग्री कॉलेज के पास, वडौदा स्वरोजगार संस्थान के सामने, करौली)

**नीलामी सूचना**

क्रमांक:-3308 दिनांक: 01.05.2026

इच्छुक जीएसटी पंजीकृत कबाड़ी वाले अमानत राशि जमा करवाकर नीलामी में भाग लेने हेतु आमंत्रित है।

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | सामग्री का क्रय मूल्य | अमानत राशि | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग करौली | 32450 | 650 | 08.05.2026 को 3.00 बजे |
| 2 | राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह, दत्तक ग्रहण एजेंसी करौली | 131573 | 2680 | 08.05.2026 को 3.00 बजे |

( पवन कुमार गुप्ता )
सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई एवं
बाल अधिकारिता विभाग, करौली



अगर मुंबई को बाउंस बैक करना है, तो उसे अपनी गेंदबाजी बेहतर करनी होगी। उन्होंने कहा- टीम में और भी खामियां हैं, लेकिन सबसे पहले गेंदबाजी पर काम करना होगा।

– इयान बिशप

वेस्टइंडीज पूर्व खिलाड़ी, मुंबई इंडियंस को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ रेयान पराग



बीसीसीआई ने राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रेयान पराग के वेपिंग कांड पर सख्त कार्रवाई करते हुए उनपर 25 प्रतिशत का जुर्माना लगाया है। मैच के दौरान पराग का ड्रेसिंग रूम में वेपिंग (ई-सिगरेट) करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। बीसीसीआई ने पराग पर लेवल -1 अपराध के तहत कार्रवाी की है। भारतीय बोर्ड ने पराग को एक डिमेरिट प्वाइंट भी लगा दिया है। 2026 में गत मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के 24 वर्षीय कप्तान रियान पराग न्यू चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान अचनाक सुर्खियों में आ गए थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** विराट कोहली ने सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों का रिकॉर्ड तोड़कर वनडे में सर्वाधिक शतक का इतिहास रचा है।

# दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल में लगातार तीन हार के बाद विजयी

## राजस्थान को 7 विकेट से हराया, राहुल-निसांका की फिफ्टी, स्टार्क को 3 विकेट



जयपुर, 1 मई। दिल्ली कैपिटल्स को के मौजूदा सीजन में लगातार तीन हार के बाद जीत मिली है। टीम ने शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली ने 226 रन का टारगेट 19.1 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर दिया। टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 225 रन बनाए। दिल्ली की ओर से ओपनर्स ने 110 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी ने रन चेज को आसान बना दिया। राहुल और निसांका ने फिफ्टी लगाई दिल्ली की ओर से केएल राहुल ने 40 बॉल पर 75 रन की पारी खेली। इस पारी में 6 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। राहुल के ओपनिंग पार्टनर पाथुम निसांका ने 33 बॉल पर 6 चौके और 3 छक्के के सहारे 62 रन बनाए। रियान शतक, जुरेल-फरेरा फिफ्टी चूके। कप्तान रियान पराग ने 90 रन की पारी खेली। 50 बॉल की पारी में रियान ने 8 चौके और 5 छक्के लगाए। उन्होंने ध्रुव जुरेल के साथ शतकीय साझेदारी की। जुरेल ने 42 रन बनाए। आखिरी डोनोवान फरेरा ने 14 बॉल पर 6 छक्कों के सहारे नाबाद 47 रन बनाए। दिल्ली की ओर से मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट झटके। काइल जैमिसन, अक्षर पटेल और टी नटराजन को एक-एक विकेट मिला।

# भारत की सेमीफाइनल में धमाकेदार एंट्री, चीनी ताइपे को क्वार्टर फाइनल में 3-0 से चटाई धूल

नई दिल्ली, 1 मई। भारत ने चीनी ताइपे को 3-0 से हराकर थॉमस कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और सात्वकि साईराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में पूरी तरह से दबदबा बनाया और शानदार जीत हासिल की। भारत 2022 का चैंपियन है। वह सेमीफाइनल में फ्रांस या जापान में से किसी एक टीम का सामना करेगा।

इस जीत से भारत का थॉमस कप में पदक भी पक्का हो गया है। उसने क्वार्टर फाइनल में सबसे पहले स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को हराकर भारत को थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल्स के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के खिलाफ 1-0 की बढ़त दिलाई। लक्ष्य इस मैच में अधिकतर समय पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने गजब का जुझारूपन दिखाया तथा एक घंटे और 28 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 18-21, 22-20, 21-17 से जीत दर्ज की। 2022 में थॉमस कप जीता था। इसके



अलावा भारत ने 1952, 1955 और 1979 में कांस्य पदक जीते थे।

### सात्वकि-चिराग की शानदार जीत

लक्ष्य के बाद सात्वकि साईराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने डबल्स का मुकाबला जीता। सात्विक और चिराग की युगल जोड़ी ने चियू सियांग चिएह और वांग ची-लिन को एक घंटे और 15 मिनट में 23-21, 19-21, 21-12 से हराकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इससे बाद एशियाई चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट आयुष शेट्टी ने भारत के जीत के क्रम को बरकरार रखते हुए दूसरे सिंगल में विश्व के नंबर आठ और मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन लिन चुन-यी को 21-16, 21-17 सेहराकर भारत को एकतरफा जीत दिला दी।

### जबरदस्त वापसी कर जीत

पहले गेम में 7-11 से पिछड़ने के बाद आयुष ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार कई विनर्स लगाकर स्कोर को 13-12 कर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम किया। आयुष ने दूसरे गेम में भी उसी लय को बरकरार रखा और शुरुआत में पिछड़ने के बावजूद 9-7 से बढ़त बना ली। इंटरवल तक वह 11-8 से आगे थे। आयुष ने 15-11 और फिर 19-13 की बढ़त हासिल कर ली। लिन ने अंतिम क्षणों में वापसी की कोशिश की और स्कोर का अंतर 16-19 तक कम कर दिया, लेकिन आयुष ने संयम बनाए रखा और कई मैच प्वाइंट हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदी के शॉट को लंबा जाने देकर मैच जीत लिया।



## शास्त्री क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 1 मई। वनडे कप सीजन- 1 मैं संस्कार क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 237 रन 8 विकेट के नुकसान पर बनाएं! आयुष वशिष्ठ ने 46, कैलाश ने 42, तन्मय तिवारी ने 33 और अभिषेक यादव ने 29 रनों का योगदान दिया ! शास्त्री क्रिकेट अकादमी की ओर से यशवर्धन ने 3, विमल ठाकुर और नमन शुक्ला ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शास्त्री क्रिकेट अकादमी ने 36 ओवर में 238 रन 3 विकेट के नुकसान पर बनाकर जीत हासिल कर ली।राजवीर सिंह राठौड़ ने 111 और वरुण ने 81 रनों का योगदान दिया। दोनों ही बल्लेबाज नाबाद रहे। मैन ऑफ द मैच राजवीर सिंह राठौड़ को चुना गया।

## मैत्री क्लब ने ज्योतिबा फूले क्लब को हराया



जयपुर, 1 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग में आज खेले गए पूल बी के मैच में मैत्री क्लब ने ज्योति बा फूले क्लब को 6 विकेट से हराया। जी आर ग्राउंड पर खेले गए मैच में ज्योति बा फूले क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मीत राहुल के 21 रन, सुमित मीणा के 26 रन, गुरुवंश निर्वाण के 31 रन, जतिन सैनी के 26 रनो से 34 ओवर में 143 रन बनाकर आउट हो गई। मैत्री क्लब के लिए नावेद खान ने 7 पर 3, मनीष ने 30 पर 2,आयुष अमरिया, अनस मंसूरी व नीतीराज ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में मैत्री क्लब ने यश शर्मा के 45 रन, कृष्ण सिंह के नाबाद 33 रन, नावेद खान के नाबाद 35 रनो से 23.3 ओवर में 4 विकेट पर 144 रन बनाकर मैच जीत लिया। ज्योति बा फूले क्लब के लिए मनीष शर्मा ने 33 पर 4 विकेट लिए।

## राजस्थान की आरती बीसीसीआई अंडर-15 वीमेन हाई परफॉरमेंस कैंप बैंगलोर में चयनित

जयपुर, 1 मई। बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 15 वीमेन क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाली राजस्थान की युवा महिला खिलाडी आरती बिश्नोई को बीसीसीआई की आल इंडिया वीमेन चयन कमेटी ने बैंगलोर स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेन्स में आयोजित होने वाले अंडर 15 वीमेन हाई परफॉरमेंस प्रशिक्षण शिविर हेतु चयनित किया गया है। आरती बिश्नोई बीसीसीआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस में आगामी दिनांक 18 मई से 11 जून तक आयोजित होने वाले अंडर 15 वीमेन हाई परफॉरमेंस कैम्प में भाग लेंगे।

# मुंबई इंडियंस को झटका, सैंटनर टूर्नामेंट से बाहर, एक माह क्रिकेट से दूर रहेंगे

नई दिल्ली, 1 मई। आईपीएल में लगातार हार का सामना कर रही मुंबई इंडियंस के लिए एक और बुरी खबर आई है। उनके स्टार ऑलराउंडर और न्यूजीलैंड के वाइट बॉल कप्तान मिचेल सैंटनर चोट की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। सैंटनर को बाएं कंधे में ग्रेड-थ्री इंजरी हुई है। इसके चलते वह कम से कम एक महीने के लिए क्रिकेट से दूर रहेंगे। स्कैन रिपोर्ट आने के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। सैंटनर 23 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले चोटिल हो गए थे। फील्डिंग के दौरान डाइव लगाते समय उनका बायां कंधा जमीन से टकरा गया था। इसके



बावजूद मैच में उन्होंने पूरे 4 ओवर फेंके थे और एक विकेट भी चटकाया। हालांकि वह बल्लेबाजी के लिए मैदान पर नहीं उतर सके। इसी हफ्ते वे इलाज के लिए भारत से स्वदेश लौटे हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुताबिक, स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने सैंटनर को कम से कम एक महीने तक आराम और रिहैबिलिटेशन की सलाह दी है। इस वजह से वे मई के अंत में आयरलैंड के खिलाफ होने वाले इकलौते टेस्ट से बाहर रहेंगे। इसके अलावा जून की शुरुआत में लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट में भी नहीं खेल पाएंगे। दूसरे और तीसरे टेस्ट में उनकी वापसी होगी या नहीं, इसका फैसला उनकी रिकवरी को देखते हुए बाद में लिया जाएगा। 34 वर्षीय सैंटनर को मुंबई ने ऑक्शन में 2 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस में वह शुरूआती मुकाबलों में नहीं खेले थे। उन्होंने वर्ल्ड कप के बाद निजी कारणों से ब्रेक लिया था और फ्रेंचाइजी के साथ देर से जुड़े थे। सैंटनर ने इस सीजन खेले 4 मैच में लगभग 9 की इकोनॉमी से रन देते हुए 5 विकेट लिए। बल्लेबाजी में उन्हें ज्यादा मौका नहीं मिला।

## बुमराह की खराब गेंदबाजी पर भड़के पूर्व भारतीय कप्तान

नई दिल्ली, 1 मई। दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईपीएल 2026 में गेंद के साथ संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने 8 मैचों में मात्र 2 विकेट हासिल किए हैं। बुमराह के इस संघर्ष को देखते हुए भारत के पूर्व कप्तान क्रिस श्रीकांत ने बड़ा बयान दिया है। श्रीकांत ने बुमराह की सबसे बड़ी गलती बताई है, जिसकी वजह से उन्हें आईपीएल के मौजूदा में अभी तक सफलता नहीं मिल रही है। श्रीकांत का कहना है कि बुमराह धीमी गेंदबाजी कर रहे हैं और उनका इस तरह से बॉलिंग करना बेकार है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर का उदाहरण दिया। पूर्व क्रिकेटर का मानना है कि आर्चर फुल स्पीड के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं और बल्लाबाजों से बाहरी किनारा निकालने की कोशिश करते हैं।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-करौली**

क्रमांक-246-264 दिनांक-28.04.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या-01/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की और से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदको एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनो / केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दुर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदको जो कि राज्य सरकार के एए ए बी सी डी श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदाओ से संबंधित विवरण बेवसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code - PWD2627A0258
UBN No- PWD2627WSOB01154

अधिशाषी अभियन्ता
सा. नि. वि. खण्ड करौली

DIPR/C/7736/2026


# 7 साल के इशांक सिंह का कारनामा : 10 घंटे में 29 किमी. का 'पाक स्ट्रेट' तैरकर पार किया, यंगेस्ट स्विमर बने



रांची, 1 मई। रांची के रहनेवाले 7 साल के इशांक सिंह ने महज विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। उन्होंने श्रीलंका के तलाईमन्नार से भारत के धनुषकोडी (तमिलनाडु) तक 29 किलोमीटर का खतरनाक 'पाक स्ट्रेट' का रास्ता 9 घंटे 50 मिनट में तैरकर पार किया। उन्होंने 30 अप्रैल 2026 को यह उपलब्धि हासिल की। इशांक अब 'पाक स्ट्रेट' का समुद्री रास्ता पार करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के स्विमर बन गए हैं। यूनिवर्सल रिकॉर्ड्स फोरम ने उन्हें यंगेस्ट एंड फास्टेस्ट पाक स्ट्रेट स्विमर का विश्व रिकॉर्ड सर्टिफिकेट भी दिया है। इशांक रांची के धुर्वा डैम में रोजाना 4 से 5 घंटे की प्रैक्टिस करते थे। उनकी ट्रेनिंग कोच अमन कुमार जायसवाल और बजरंग कुमार के गाइडेंस में हुई। पाल्क स्ट्रेट भारत और श्रीलंका के बीच स्थित है, जहां तेज धाराएं और समुद्री जानवरों का खतरा रहता है। इसके बावजूद उन्होंने पूरा रास्ता तय किया। इशांक रांची के डीएवी श्यामली स्कूल में तीसरी कक्षा के छात्र हैं। स्कूल प्रिंसिपल ने उनकी उपलब्धि पर गर्व जताया है। उन्होंने इशांक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इसे स्कूल, रांची और पूरे देश के लिए गर्व का पल बताया है।

## स्पॉट फिक्सिंग के विवाद के बीच कनाडा टीम को मिला नया हेड कोच, इस भारतीय को मिली बड़ी जिम्मेदारी

नई दिल्ली, 1 मई। कनाडा क्रिकेट बीते कुछ दिनों से करप्शन और स्पॉट फिक्सगि के कारण चर्चा में है। एक डॉक्यूमेंट्री में यहां तक खुलासा हुआ कि इस साल कनाडा और न्यूजीलैंड के बीच खेले गएटी20 वर्ल्ड कप के मैच में स्पॉट फिक्सगि की घटना हुई थी। इतना ही नहीं, वर्ल्ड कप में कनाडा की कप्तानी करने वाले दिलप्रीत बाजवा भी जांच के घेरे में हैं। कनाडा के क्रिकेट ढांचे में एक मुश्किल दौर में मोंटी देसाई को कनाडा की मैंस टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति की अवधि को लेकर कोई स्पष्टता नहीं थी। देसाई ने इससे पहले नेपाल और अफगानिस्तान की पुरुष टीमों के साथ-साथ भारत में फ्रेंचाइज और घरेलू क्रिकेट में भी काम किया है। क्रिकेट कनाडा के अध्यक्ष अरविंदर खोसा ने एक बयान में कहा कि उनकी सबसे पहली प्राथमिकता प्रदर्शन, पेशेवर रवैये और क्रिकेट कनाडा की प्रतिष्ठा को फिर से स्थापित करना है।


**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक निदे / अ.ख.अ. नीलामी / निलामी (ERCC/RCC 07)/2026/ई-15381

**ई-नीलामी विज्ञिप्त संख्या (ERCC/RCC 07)/2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञिप्त से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टों / क्वारी लाईसेसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क /अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रिमीयम शुल्क, डी.एम.एफ.टी., आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संठाहण के कुल 36 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर इच्छुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे- ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्तें विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।

(महावीर प्रसाद मीणा)
निदेशक

DIPR/C/7712/2026


## सनराइजर्स हैदराबाद को लगा झटका, शिवम मावी पूरे आईपीएल सत्र से बाहर

हैदराबाद, 1 मई। सनराइजर्स हैदराबाद को तगड़ा झटका लगा है। टीम के युवा गेंदबाज शिवम मावी ग्रोइन इंजरी की वजह से पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह टीम प्रबंधन ने आरएस अंबरीश को टीम में शामिल किया है। आईपीएल की तरफ से जारी किए गए बयान के मुताबिक, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज शिवम मावी चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। मावी की जगह सनराइजर्स के टीम प्रबंधन ने युवा ऑलराउंडर आरएस अंबरीश को टीम में शामिल किया है।चेन्नई के रहने वाले अंबरीश इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे और नामीबिया में हुए आईसीसी मेंस अंडर-19 विश्व कप में भारत की जीत का हिस्सा थे।

# अंग्रेजों को पीछे छोड़ भारतीय टीम ने लगाई छलांग, टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा

नई दिल्ली, 1 मई। खेल की वैश्विक संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को वार्षिक टेस्ट टीम की रैंकिंग जारी की, जिसमें बड़ा फेरबदल देखने को मिला।

भारतीय टेस्ट टीम एक स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया। वहीं, शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा है। रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए मैचों को महत्व दिया गया है, जबकि उससे पहले के मुकाबलों का प्रभाव 50 प्रतिशत कर दिया



गया है। इसी कारण रैंकिंग में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले। शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 131 रेटिंग अंकों के साथ मजबूती से कायम है और उसने अपनी बढ़त को और मजबूत किया है। दूसरे स्थान पर मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम 119 अंकों के साथ बरकरार है।

भारत तीसरे स्थान पर पहुंचा, इंग्लैंड चौथे पायदान पर लुढ़का: सबसे बड़ा बदलाव तीसरे स्थान के लिए हुआ, जहां भारत 104 अंकों के साथ एक पायदान ऊपर चढ़ गया, जबकि इंग्लैंड 102 अंकों के साथ चौथे स्थान पर खिसक गया। इंग्लैंड को पुराने मैचों जैसे न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू जीत और पाकिस्तान में मिली सीरीज जीत का पूरा फायदा नहीं मिला।


**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक-F.32 (B) (After Policy 2026-27)/EX/L/2026-06481-9018219/63

दिनांक-यथाहस्ताक्षर

**मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) के अनुज्ञापत्र हेतु ई-नीलामी आमंत्रण सूचनाः-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार की आज्ञा क्रमांक प.4 (1) वित्त/आब/2026 दिनांक 27 जनवरी, 2026 के द्वारा जारी आबकारी एवं मद्य-संयम नीति वर्ष 2025-29 में संशोधन के प्रावधानानुसार मदिरा दुकानों के कलस्टर (समूह) की ऑनलाईन ई-नीलामी के लिये विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर निम्नानुसार ई-बोली आमंत्रित की जाती है:-

| क्र.सं. | नीलामी की दिनांक | नीलामी का समय |
|---|---|---|
| 1 | 05.05.2026 | प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक |

1. ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदाता द्वारा विभागीय वेबसाइट https://iems.rajasthan.gov.in से अपने SSO ID के माध्यम से लॉगइन करते हुए विभागीय ई-ऑक्शन पोर्टल में निर्धारित प्रक्रियानुसार एक बारीय पंजीकरण करने उपरान्त ऑनलाइन नीलामी में भाग लिया जा सकेगा। इच्छुक बोलीदाता को ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व सर्वप्रथम राजस्थान सरकार के पोर्टल https://sso.rajasthan.gov.in पर "Citizen" केटेगरी के अन्तर्गत SSO ID बनाना होगा।
2. नीलामी एक कार्य दिवस में न्यूनतम पांच घण्टे की होगी एव उसके पश्चात् जब तक बोली लगती रहे तब तक 10 मिनट के अनन्त विस्तार (indefinite extension) तक जारी रहेगी।
3. बोलीदाता को कम से कम रू. 10,000/- अथवा रू. 10,000 के गुणांक मे बढाकर बोली लगानी होगी।
4. बोलीदाता एक बार में रिजर्व प्राइस/पिछली बोली से 10 प्रतिशत से अधिक राशि बढाकर बोली नही लगा सकेगा।
5. कलस्टर का जिलेवार एवं उनके आवेदन शुल्क, न्यूनतम रिजर्व प्राईस एवं अमानत राशि का विवरण विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगा।
6. ऑनलाईन नीलामी में SSO ID के माध्यम से भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक द्वारा कलस्टर का चयन कर आवेदन शुल्क एवं अमानत राशि यथासंभव नीलामी की तिथि से एक दिवस पहले रात 11.59 तक https://iems.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर बोलीदाता के ऑनलाईन भुगतान द्वारा इस वेबसाईट पर जमा हो जानी चाहिये। ऐसा करने से बोलीदाता विभिन्न प्रकार की तकनीकी समस्याओं से बच सकेगे। ऑनलाईन भुगतान नही होने या अन्यथा तकनीकी कारणों से निर्धारित राशियां जमा नही होने के कारण बोली में भाग नही ले पाने के लिये आवेदक स्वंय जिम्मेदार होगा।
7. प्रत्येक कलस्टर के लिये ऑनलाईन निलामी में भाग लेने हेतु निर्धारित न्यूनतम रिर्जव प्राईस की 2 प्रतिशत राशि अमानत राशि के रूप में आवेदन के साथ जमा करायी जानी है। बिड राशि के अनुसार अतिरिक्त अमानत राशि (Dynamic Earnest Money) भी जमा करानी होगी।
8. सफल बोलीदाता को धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेन्स फीस ई-नीलामी के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश एवं शर्तों, जो विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है, के अनुसार जमा करानी होगी।
9. निर्धारित समय में वांछित राशियाँ यथा-धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेंस फीस जमा न कराने पर स्वीकृति निरस्त कर समस्त जमा राशि जप्तराज की जायेगी।
10. वर्ष 2026-27 के पात्र अनुज्ञधारियों को वर्ष कमशः 2027-28 व 2028-29 के लिये निर्धारित शर्तों पर अनुज्ञापत्र नवीनीकरण का अवसर दिया जायेगा।
11. बोलीदाता को ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व विभागीय वेबसाईट https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 एवं नीति में संशोधन दिनांक 27.01.2026 तथा समस्त दिशा-निर्देश, प्रक्रिया एवं शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया जाना चाहिये।
12. मदिरा कलस्टर के बन्दोबस्त हेतु वे ही व्यक्ति ई-नीलामी में भाग ले सकेंगें, जो राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों, आबकारी एवं मध्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 व संशोधन दिनांक 27.01.2026 तथा भारतीय संविदा अधिनियम के तहत अनुबन्ध करने की योग्यता रखते हो। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश https://iems.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु संबंधित अतिरिक्त आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
13. ई-नीलामी के संबंध में अन्य सभी प्रावधान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 व नीति में संशोधन दिनांक 27.01.2026 तथा राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बने नियम के अनुसार रहेगे।

DIPR/C/7816/2026 आबकारी आयुक्त, राजस्थान


# सिंघानिया विश्वविद्यालय एशियन पैरा थ्रोबॉल चैम्पियनशिप 2027 की मेजबानी करेगा

जयपुर, 1 मई। विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ ने घोषणा की है कि उसने जयपुर, राजस्थान आधिकारिक तौर पर पैरा थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया को, सिंघानिया विश्वविद्यालय के सहयोग से, प्रतिष्ठित तीसरी एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2027 के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी है। यह चैंपियनशिप राजस्थान स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित की जाएगी। इस ऐतिहासिक साझेदारी को औपचारिक रूप देने के लिए 1 मई, 2026 को जयपुर में एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर समारोह आयोजित किया गया। दस्तावेज पर दोनों संगठनों के प्रतिष्ठित नेतृत्वः निर्मला रावत, अध्यक्ष, विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ, डॉ. वी. अल्बर्ट प्रेमकुमार, संस्थापक और महासचिव, ; डॉ. मनोज कुमार (आईएएस, सेवानिवृत्त), अध्यक्ष और सुनील कुमार सोबती, प्रो-प्रेसिडेंट एवं सीएफओ, सिंघानिया विश्वविद्यालय द्वारा हस्ताक्षर किए गए। सिंघानिया विश्वविद्यालय इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में भरपूर अनुभव लेकर आया है। विश्वविद्यालय ने इससे पहले फरवरी 2026 में राष्ट्रीय पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप की सफल मेजबानी की थी। खेल बुनियादी ढांचे और आतिथ्य में उनका सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड उन्हें इस स्तर के आयोजन के लिए एक आदर्श भागीदार बनाता है।

**एथलीटों का अंतरराष्ट्रीय समागम** - 2027 की चैंपियनशिप एशिया में अनुकूली खेलों के लिए एक ऐतिहासिक समागम होने की उम्मीद है, जिसमें 15 से अधिक देशोंः भारत, कंबोडिया, मलेशिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया, श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव, नेपाल, भूटान, यूएई, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, जापान और फिलीपीस खेल जगत की हस्तियों के भाग लेने का अनुमान है। बैठक में पैरा-खेल समुदाय के प्रमुख व्यक्तित्व शामिल हुए, जिनमें भारतीय पैरा थ्रोबॉल कप्तान श्री प्रशांत और सुश्री मालती इनामती शामिल थे। उनके साथ कई अंतरराष्ट्रीय पैरा-पदक विजेता भी शामिल हुए, जो वैश्विक मंच पर पैरा थ्रोबॉल के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। और पैरा-एथलेटिक्स में समावेशिता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और तीसरी एशियन पैरा थ्रोबॉल चैंपियनशिप पूरे महाद्वीप के एथलीटों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक महत्वपूर्ण मंच होगी।

# अजमेर में डॉक्टरों का महासंग्राम, 'मेडकप 2026' डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

अजमेर, 1 मई। अजमेर का चिकित्सा जगत अब क्रिकेट के मैदान पर अपना हुनर दिखाएगा। शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों और अस्पताल संचालकों को एक मंच पर लाने के लिए 'मेडकप अजमेर 2026' डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज 2 मई से जी.एल.ओ. ग्राउंड पर होने जा रहा है। गुरुवार को हुई आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में टूर्नामेंट का पूरा शेड्यूल और प्रारूप जारी किया गया। जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनिल सामारिया ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि यह आयोजन 'वन वर्ल्ड ट्रस्ट' के सहयोग से किया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया, 'यह केवल एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं है, यह एक उत्सव है। यह अजमेर के हर उस डॉक्टर को ट्रिब्यूट है जो इस शहर को स्वस्थ और मजबूत रखने के लिए दिन-रात अथक परिश्रम करते हैं'। इस टूर्नामेंट की पहल डॉ. राहुल देव, असिस्टेंट प्रोफेसर, जेएलएन मेडिकल कॉलेज द्वारा की गई है। 26 अप्रैल को हुए भव्य खिलाड़ी ऑक्शन में अजमेर शहर के समस्त डॉक्टरों को चार टीमों में विभाजित किया गया। इन टीमों में अजमेर के छह प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के ऑनर और डॉक्टर शामिल हैं। डॉ. अनिल सामरिया प्राचार्य जे.एल.एन. मेडिकल कॉलेज; डॉ. राजा मेहता, गेट वेल हॉस्पिटल; डॉ. कुलदीप शर्मा, के.जी. स्टोन हॉस्पिटल; डॉ. जयप्रकाश केवलानी, आर.एस. हॉस्पिटल; डॉ. राजकुमार खासगीवाल और डॉ. मीनल खासगीवाल, पारस हॉस्पिटल; डॉ. श्रवण कुमार, समर्पण हॉस्पिटल आदि शामिल रहेगे। टूर्नामेंट कार्यक्रम - 2 मई को उद्घाटन मैच, शाम 4:00 बजे, 3 मई लीग मैच, 9 मई लीग मैच, 10 मई को ग्रैंड फाइनल, शाम 6:00 बजे जीएलओ ग्राउंड में खेले जाएगे। प्रेस वार्ता में वरिष्ठ सर्जन डॉ श्याम भूतडा, नाक कान गला विशेषज्ञय डॉ दिगविजय सिंह रावत, डॉ राहुल देव, सहित अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

# युवा विदेशी भाषाएं सीखें और देश-विदेश पर छा जाएं- भजनलाल

## राज्य सरकार ने प्रदेश के युवाओं का फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, जापानी व कोरियन सिखाने के लिए एमओयू किया

जयपुर, 1 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के साथ-साथ कौशल से जोड़कर कुशल बना रही है और युवा अब नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बन रहा है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को बिड़ला

- **जयपुर में एमओयू कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, कौशल विकास राज्य मंत्री जयंत चौधरी भी उपस्थित थे।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम के लिए एमओयू कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास व केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान मौजूद रहे।*

ऑडिटोरियम में विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम के लिए एमओयू कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वामी विवेकानंदजी का उल्लेख करते हुए युवाओं से विदेशी भाषा सीखने और देश-दुनिया में छा जाने का अव्हान किया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इंग्लिश एंव फॉरेन लैंग्वेजेज यूनिवर्सिटी, हैदराबाद और नेशनल स्किल डवलपमेंट कॉर्पोरेशन के साथ एमओयू किए हैं। इसके माध्यम से हमारे युवाओं को फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश, जापानी और कोरियन सीखने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि आज के युग में विदेशी भाषा सीखना आवश्यकता बन चुका है। विदेशी भाषा का ज्ञान युवाओं को बहुराष्ट्रीय कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और विदेशों में रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करता है। इसी तरह यह विदेशी पर्यटकों, उद्यमियों और प्रदेश के स्थानीय उद्योगों के बीच एक सेतु का कार्य भी करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रमुख पयर्टन स्थलों की वजह से राजस्थान के लिए विदेशी भाषा का विशेष महत्व है। विदेशी भाषाएं जानने वाले गाइड, होटल मैनेजर, ट्रैवल एजेंट और व्यापारियों के लिए रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान के युवाओं में मेहनत, नवाचार, उद्यिमता के साथ-साथ भाषाओं और संस्कृतियों को आत्मसात करने की नैसर्गिक प्रतिभा है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय यूनियन के साथ हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से युवाओं को विदेशी भाषा से संबंधित रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। ?

केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यिमता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने कहा कि स्थानीय भाषा हमारे गौरवशाली अतीत संजोए रखने के साथ-साथ हमे विश्वास देती है, हमारी जड़ों से हमारा भावनात्मक जुड़ाव मजबूत करती है।

इस अवसर पर राज्य सरकार तथा इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेजेज यूनिवर्सिटी, हैदराबाद के मध्य विदेशी भाषा संचार कौशल कार्यक्रम के लिए एवं स्किल इंडिया इन्टरनेशनल सेंटर जयपुर की स्थापना के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के मध्य एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही, नेशनल एन्टरप्रेन्योर एम्पावरमेंट ड्राइव के अन्तर्गत भी विभिन्न एमओयू संपादित हुए। इससे पहले इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेजेज यूनिवर्सिटी के जर्नल का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं से संवाद भी किया। इस दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, शिक्षा मंत्रालय में उच्च शिक्षा सचिव डॉ. विनीत जोशी, शिक्षाविद् सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। वहीं, वीसी एवं माय भारत पोर्टल के माध्यम से प्रदेशभर के युवा जुड़े।

# मध्यप्रदेश में ट्रेन से 26 बच्चों को बचाया

उज्जैन, 01 मई। मध्य प्रदेश के उज्जैन और नागदा रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की रात बड़े स्तर पर तस्करी की सूचना पर बड़ा अभियान चलाकर अंत्योदय एक्सप्रेस से 26 नाबालिगों का रेस्क्यू किया गया है। इन बच्चों को बिहार के मुजफ्फरनगर से गुजरात के अहमदाबाद ले जाया जा रहा था। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) को सूचना मिली थी कि करीब 100 बच्चों को मजदूरी के लिए मुजफ्फरनगर से अहमदाबाद ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही उज्जैन में चार थानों का पुलिस बल, आरपीएफ, जीआरपी, श्रम विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम को अलर्ट किया गया। गुरुवार रात करीब 11 बजे

- **इन बच्चों को अवैध रूप से बिहार से अहमदाबाद ले जाया जा रहा था**
- **रेस्क्यू ऑपरेशन उज्जैन व नागदा स्टेशन पर किया गया। बाल कल्याण समिति को 100 बच्चों की तस्करी की सूचना मिली थी।**

जैसे ही अंत्योदय एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन पहुंची, टीम ने ट्रेन में सर्चिंग शुरू की। करीब आधे घंटे तक 50 से अधिक बच्चों और उनके साथ मौजूद लोगों से पूछताछ की गई, जिसमें शुरुआती तौर पर चार बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इसी दौरान ट्रेन आगे बढ़ गई।

रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहीं सीएसपी दीपिका शिंदे ने तत्काल नागदा स्टेशन को सूचना देकर ट्रेन रुकवाई। वहां करीब एक घंटे तक चली सर्चिंग के बाद 22 और नाबालिग बच्चों को ट्रेन से उतारा गया।

# सांभर क्षेत्र में सोलर प्लांट लगाने की सशर्त अनुमति मिलेगी

## हाई कोर्ट ने कहा कि पेड़ व प्रभावित पक्षियों की रक्षा करते हुए सोलर प्लांट लगाया जा सकता है

जयपुर, 1 मई। राजस्थान हाईकोर्ट ने नावा सिटी में सौर संयंत्र परियोजना स्थापित करने पर रोक लगाने वाले अपने गत 17 दिसंबर के आदेश को वापस लेते हुए एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को प्लांट लगाने की सशर्त अनुमति दी है। अदालत ने कहा कि सोलर पैनलों की ऊंचाई को बढ़ाया जाए, ताकि प्रवासी पक्षी बिना किसी बाधा के उनके नीचे घोंसला बनाकर अंडे दे सकें और प्रजनन कर सकें। जस्टिस एसपी शर्मा और जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश दिनेश कुमावत व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने एसजेवीएन को कहा है कि वह सौर पैनल की ऊंचाई कम से कम 1.5 मीटर रखेगा और यदि क्षेत्र से पेड़ काटने की जरूरत होगी तो उनकी जगह आसपास के इलाकों में तीन गुणा वृक्ष लगाएगा। इसके साथ ही इस भूमि पर पानी के आने पर कोई व्यवधान नहीं होना चाहिए, जिससे उस पानी का उपयोग प्रवासी पक्षी बारिश के बाद भी कर सकें। अदालत ने स्पष्ट किया है कि हिंदुस्तान साल्ट्स, सांभर सॉल्ट्स व एसजेवीएन के बीच हुए एग्रीमेंट की अवधि में अदालत के स्टे की अवधि को शामिल नहीं किया जाएगा। अदालत ने कहा कि गत 17 दिसंबर को आदेश देते समय एनजीटी में मामला लंबित होने और उसकी ओर से स्टे नहीं देने के तथ्य अदालत के संज्ञान में नहीं लाए गए थे। ऐसे महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाना चिंता का विषय है। अदालत ने कहा कि सांभर झील केवल नमक उत्पादन के लिए है, बल्कि महत्वपूर्ण पक्षी अभयारण्य के रूप में भी कार्य करती है, जहां सर्दियों में हजारों राजहंस व अन्य प्रवासी पक्षी आते हैं और प्रजनन करते हैं। यह महत्व

- **अदालत ने सोलर पैनल की ऊंचाई 1.5 मीटर से अधिक रखने के निर्देश दिए ताकि प्रवासी पक्षी बिना किसी बाधा के उसके नीचे घोंसला बनाकर अंडे दे सके। यदि कोई पेड़ काटना पड़े तो उसकी जगह आस-पास के इलाके में कंपनी तीन गुना पेड़ लगाए।**

केवल झील क्षेत्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि नावा सिटी सहित आसपास के इलाकों में भी फैला हुआ है, ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम उन पक्षियों की रक्षा करें। अदालत ने अपने आदेश में माना कि बिजली की कमी को दूर करने के लिए सौर ऊर्जा भी जरूरी है। अदालत ने कहा कि एडीजे, सांभर की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि संबंधित भूमि वेटलैंड नहीं है और न तो यह नमक क्षेत्र है और वेटलैंड या झील का बफर जोन है। वहीं सांभर सॉल्टस के एमडी के अनुसार, यह भूमि झील से करीब ढाई किमी दूर है और इस दूरी में आवासीय व व्यावसायिक प्रतिष्ठान मौजूद है। अदालत ने कहा कि सांभर सॉल्टस के पूर्व सीएमडी के अनुसार, यह भूमि सन् 1950 के आसपास आवंटित की गई थी। हालांकि समय के साथ यह भूमि लगभग अप्रयुक्त हो गई है और यहां पानी भी मौजूद नहीं है।

सुनवाई के दौरान प्रतिवादी कंपनियों की ओर से कहा गया कि याचिका तथ्य छिपाकर पेश की गई है। एनजीटी ने इस संबंध में परियोजना पर रोक नहीं लगाई और एक कमेटी का गठन किया था। इसके अलावा यह परियोजना नियमों के तहत वाइट कैटेगरी में आती है और पर्यावरण मंत्रालय की 13 मई, 2011 की अधिसूचना के तहत इसे पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी की जरूरत नहीं है। ऐसे में गत 17 दिसंबर को परियोजना पर दिए स्टे को रद्द किया जाए।

# सुप्रीम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इस मामले में हिरासत की आवश्यकता नहीं है तथा उनके मुवक्किल के फरार होने का खतरा भी नहीं है और उन पर लगाए गए आरोप अधिकांशतः जमानती हैं। उन्होंने कहा कि मानहानि मामले में गिरफ्तारी अनावश्यक अपमान के बराबर होगी और स्वतंत्रता अधिकार का मामला है, विशेषाधिकार का नहीं। सिंघवी ने यह भी आरोप लगाया कि अभियोजन का रवैया राजनीतिक संकेत दर्शाता है।

याचिका का विरोध करते हुए, असम सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि आरोप गंभीर हैं और इनमें झूठे अधिकारिक दस्तावेज बनाना शामिल है। उन्होंने कहा कि जांच में कथित तौर पर फर्जी सामग्री के उपयोग का संकेत मिला है, जिसमें पासपोर्ट से संबंधित विवरण भी शामिल हैं, और आरोपों के स्रोत और संभावित व्यापक प्रभावों का पता लगाने के लिए हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता है।

# सभी प्रशंसक व ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हैं और केवल उन्हीं को जवाबदेह हैं।

सूत्रों के अनुसार, वेणुगोपाल, जो मुख्यमंत्री बनने के लिए बहुत उत्सुक हैं, केवल तभी जाएंगे, जब पार्टी 85 सीटों से अधिक जीते, जिससे मजबूत सरकार बने और भाजपा के लिए उसे तोड़ना बहुत मुश्किल हो, अगर भाजपा वामपंथ को सत्ता में लौटाने में मदद करना चाहे।

कांग्रेस नेताओं के दिमाग में दूसरा सवाल यह है कि अगर वेणुगोपाल को केरल भेज दिया गया तो उनकी जगह कौन लेगा? ऐसा नेता कौन होगा, जिस पर राहुल गांधी भरोसा कर सकें और जिसके साथ उनका सहज तालमेल हो।

भंवर जितेंद्र सिंह का नाम चर्चा में है, क्योंकि वे गांधी परिवार के नजदीक हैं, लेकिन उनका ट्रैक रिकॉर्ड बहुत खराब है; उन्होंने हर उस राज्य में हार का सामना किया है जहां की जिम्मेदारी उन्हें दी गई है और उन्हें महान राजनीतिक मस्तिष्क के रूप में जाना भी नहीं जाता। नये व्यक्ति को सभी राज्यों और केन्द्र की जटिलताओं को समझना होगा, खासकर इस स्थिति में, जब 2029 के लोकसभा चुनाव केवल 3 साल दूर हैं। किसी भी नए उत्तराधिकारी को इतने बड़े और जटिल भारतीय राज्य को समझने और शीर्ष भाजपा नेतृत्व से निबटने गांधी परिवार और देश के हित में काम करने में काफी समय लगेगा। यह स्थिति निश्चित रूप से कठिन है।

# मई माह में सामान्य से 110 प्रतिशत अधिक बारिश हो सकती है

## भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह पूर्वानुमान घोषित किया

नई दिल्ली, 01 मई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, मई का महीना देश के अधिकांश हिस्सों के लिए राहत और चुनौतियों का मेल भरा रहेगा। एक तरफ जहां पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश की अधिक संभावना है, वहीं कुछ राज्यों में लोगों को सामान्य से अधिक हीट वेव का सामना करना पड़ सकता है।

मई के लिए अनुमान जारी करते हुए शनिवार को भारतीय मौसम विभाग ने सामान्य से 110 प्रतिशत अधिक बारिश का अनुमान जताया है। विभाग ने बताया कि पूरे देश में औसत बारिश सामान्य से अधिक होने के संभावना है।

साल 1971 से 2020 के आंकड़ों के आधार पर मई में औसतन 61.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। विभाग के अनुसार, देश में अधिकांश

- **विभाग ने कहा कि पश्चिम विक्षोभ के कारण बारिश होगी पर कुछ राज्यों में भारी हीटवेव की आशंका भी है।**

स्थानों पर सामान्य से अधिक बारिश रहेगी पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत तथा पूर्वी मध्य भारत के कुछ हिस्सों में बारिश सामान्य से कम रहेगी।

वहीं, गर्मी की बात करें तो देश के अधिकांश राज्यों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना है।

लेकिन मई के महीने में गंगा के मैदानी क्षेत्र, पूर्वी तटीय राज्यों, गुजरात, और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी वाले दिन रहने की संभावना है।

गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तटीय ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के कुछ अलग-अलग इलाकों में सामान्य से अधिक दिनों तक हीट वेब रहने की संभावना है। हिमालयी राज्यों में 3-4 दिन अतिरिक्त हीट वेव चलने और मानसून के दौरान अल-नीनो सक्रिय होने की भी चेतावनी दी गई है। वहीं, देश के अधिकांश राज्यों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। लेकिन उत्तर-पश्चिमी भारत के कई हिस्से, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय क्षेत्र के कुछ हिस्से, पूर्वोत्तर भारत के दक्षिणी हिस्से हैं, जहां न्यूनतम तापमान सामान्य या सामान्य से नीचे रहने की संभावना है।

# नोएडा एयरपोर्ट से उड़ान 15 जून से शुरू होगी

नोएडा, 01 मई। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 जून से उड़ान सेवाएं शुरू होने जाएंगी। इसी के साथ दिल्ली एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत के यात्रियों को नोएडा एयरपोर्ट से यात्रियों को उड़ान और कार्गो की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह ने शुक्रवार को बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 15 जून को पहली उड़ान इंडिगो एयरलाइंस की

- **पहली उड़ान इंडिगो एयरलाइन्स की होगी।**

होगी। उड़ान कहां के लिए होगी और किस समय होगी, इसको लेकर एयरपोर्ट अथॉरिटी और एयरलाइन जल्द ही घोषणा करेगी।

उल्लेखनीय है कि जेवर में स्थित इस नवनिर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मार्च को उद्घाटन किया था। इसके बाद जल्द ही यहां से घरेलू और कार्गो सेवाओं के शुरू होने के कयास लगाए जा रहे थे।

नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो से हवाई अड्डा सुरक्षा कार्यक्रम (एएसपी) की मंजूरी मिलने के बाद अब यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने 15 जून से उड़ानों के संचालन की घोषणा की है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राहुल पर एफ आई आर की मांग करने वाली याचिका खारिज की

## याचिका में राहुल गांधी के "फाइटिंग इंडियन स्टेट" रिमार्क पर आपत्ति जताई गई थी।

प्रयागराज, 01 मई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शुक्रवार को बड़ी राहत मिली है। कांग्रेस मुख्यालय इन्दिरा भवन के उद्घाटन के मौके पर कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी के इंडियन स्टेट को लेकर दिए बयान को लेकर उच्च न्यायालय ने मुकदमा दर्ज करने संबंधी याचिका को खारिज कर दिया है।

दरअसल, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 15 जनवरी 2025 को नए कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन के उद्घाटन के मौके पर एक बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि हमारी लड़ाई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी और इंडियन स्टेट से है। इस बयान में इंडियन स्टेट पर हंगामा मच गया था। इस बयान को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सिमरन गुप्ता ने एक याचिका भी दायर की थी। इसी याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को ओपन कोर्ट

- **याचिका हिंदु शक्ति दल की सिमरन गुप्ता ने दायर की थी। उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी की टिप्पणी से जनभावना आहत हुई है।**

में अपना फैसला सुनाते हुए यह याचिका खारिज कर दी है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय जाने से पहले सिमरन गुप्ता ने संभल की चंदौसी कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ निगरानी की याचिका दाखिल की थी। चंदौसी कोर्ट ने 7 नवंबर 2025 को याचिका खारिज कर दी थी। चंदौसी कोर्ट के फैसले को सिमरन गुप्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय में 8 अप्रैल को सुनवाई पूरी हो गई थी। सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# चुनाव आयोग ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के ईवीएम रखे गए हैं। बुधवार को मतदान समाप्त होने के बाद, सभी स्ट्रांग रूम संबंधित उम्मीदवारों/चुनावी एजेंटों और पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में सही तरीके से बंद और सील किए गए थे। अंतिम स्ट्रांग रूम को गुरुवार को सुबह 5:15 बजे बंद किया गया। खुदीराम अनुशीलन केन्द्र में एक और स्ट्रांग रूम डाक मतपत्रों के लिए है। विभिन्न केन्द्रों से आए डाक मतपत्र वहीं रखे गए हैं और उन्हें मतदान अधिकारियों द्वारा क्रमबद्ध किया जा रहा था।" उन्होंने कहा कि उन्होंने रिटर्निंग अधिकारियों को उम्मीदवारों और एजेंटों को इस प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए भी कहा था।अग्रवाल ने कहा, रिटर्निंग अधिकारियों ने राजनीतिक पार्टियों को ईमेल के माध्यम से सूचित किया। मतदान बूथों के गलियारों में शाम 4 बजे से डाक मतपत्रों का पृथक्करण जारी था। ये सभी सुरक्षित, और ताले में बंद हैं। तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के प्रतिनिधियों को सब कुछ दिखाया गया है।" उन्होंने स्पष्ट किया कि स्ट्रांग रूम में बिजली कनेक्शन की अनुमति होने के कारण, कोलकाता की सात विधानसभा सीटों के डाक मतपत्रों का पृथक्करण टॉर्च की रोशनी में किया जा रहा था, जिसे सत्तारूढ़ तृणमूल नेताओं ने गलत तरीके से "संदिग्ध गतिविधि" कहा। शीर्ष चुनाव अधिकारी की टिप्पणी के बाद, तृणमूल नेताओं ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया और वहाँ से चले गये।

# प्रधानमंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्थायी आत्मा या सत्ता है। जब व्यक्ति भगवान बुद्ध के बताए अष्टांगिक मार्ग- सम्यक दृष्टि, सम्यक संकल्प और सम्यक आचरण का पालन करता है, तब वह सभी दुखों से मुक्त होकर परम शांति को प्राप्त करता है।

# हाई कोर्ट ने जिंदा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

स्टे प्रार्थना पत्र में कहा गया कि घटना में हुए बम धमाकों में दर्जनों लोगों की मौत हुई थी और कई घायल हुए थे। उस मूल मामले को लेकर दर्ज आठ एफआईआर में शाहबाज हुसैन को विशेष अदालत ने बरी किया था। वहीं, अन्य आरोपियों को मिली फांसी की सजा को हाईकोर्ट ने रद्द कर उन्हें दोषमुक्त कर दिया था। यह मामला उसी घटना से जुड़ा है और इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। ऐसे में जब मूल मामले में ही अपीलार्थियों को बरी किया जा चुका है तो इस मामले में उन्हें सजा देने का कोई आधार ही नहीं है। इसके बावजूद, विशेष न्यायालय ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुना दी। हाईकोर्ट में इस आदेश के खिलाफ पेश अपील के निस्तारण में समय लगेगा। ऐसे में अपील के फैसले तक उनकी सजा को स्थगित किया जाए। विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश चौधरी और अधिवक्ता अमन अग्रवाल ने कहा कि अपीलार्थियों का मूल कार्य दहशत फैलाना था। इसके तहत ही बम प्लांट किए गए और ईमेल भेजकर इसकी जिम्मेदारी ली गई, जिसके पर्याप्त साक्ष्य अभियोजन पक्ष के पास हैं। मूल मामले में आरोपियों को बरी करने के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी लंबित है। ऐसे में उनकी सजा को स्थगित नहीं किया जाए। मामले की सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने दोनों अभियुक्तों की सजा को स्थगित करने से इनकार कर दिया है।

# जाने माने इकॉनमिस्ट जेफ्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ईसाई, इस्लामी और अन्य-के नैतिक दृष्टिकोण समकालीन वैश्विक चुनौतियों के साथ संवाद कर सकें। सैक्स ने अक्सर जोर दिया है कि आध्यात्मिक परंपराओं में सहानुभूति, अहिंसा, पृथ्वी की देखभाल और सामाजिक न्याय जैसे साझा मूल्य होते हैं, जो सामूहिक कार्रवाई के लिए एकीकृत आधार बन सकते हैं।

व्यावहारिक रूप में, यह पहल कई दिनों के सम्मेलन के रूप में हो सकती है, जिसमें शांति स्थापना, पर्यावरणीय जिम्मेदारी, गरीबी निवारण और अंतरधार्मिक संवाद पर सत्र होंगे। इसका समय भी महत्वपूर्ण है। दुनिया कई संघर्षों, बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों और गहरे सामाजिक विखंडन का सामना कर रही है।

साथ ही, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक असमानताएँ अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को चुनौती दे रही हैं। सैक्स ने संघर्ष समाधान में कूटनीति और संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया है, और यह पहल उसी सोच का विस्तार प्रतीत होती है-राजनीतिक प्रक्रियाओं के साथ नैतिक प्रेरणा को जोड़ने का प्रयास।

इसका एक रणनीतिक आयाम भी है। भारत ने खुद को ग्लोबल नॉर्थ और साउथ के बीच पुल के रूप में प्रस्तुत किया है और एक ऐसा देश होने का दावा किया है, जो समावेशी, मूल्य-आधारित वैश्विक संवाद की मेज़बानी कर सकता है। इस प्रकार की बैठक भारत की सॉफ्ट पावर और इसकी सभ्यतागत विरासत को मजबूत करेगी।

हालांकि इस पहल की सफलता इसकी निरंतरता पर निर्भर करेगी। वैश्विक सम्मेलनों में अक्सर शक्तिशाली बयान दिए जाते हैं, लेकिन इनके ठोस परिणाम सीमित रहते हैं। सैक्स के प्रस्ताव का स्थायी प्रभाव बनाने के लिए, इसके लिए निरंतरता के तंत्र-जैसे एक स्थायी नेटवर्क, समय-समय पर फॉलो-अप बैठकें या वैश्विक नीति प्लेटफॉर्म के साथ समन्वय की आवश्यकता होगी।

अंततः, प्रस्तावित वाराणसी बैठक का महत्व इस प्रयास में निहित है कि यह वैश्विक चर्चा में नैतिकता और आध्यात्मिकता को पुनः शामिल करने का प्रयास करती है, जबकि नीति पर आधारित बहसें अक्सर संकीर्ण राष्ट्रीय हितों से प्रभावित होती हैं।

यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया, तो यह याद दिला सकती है कि सतत शांति और विकास केवल आर्थिक समाधान पर नहीं, बल्कि मानव मूल्यों की साझा प्रतिबद्धता पर भी निर्भर करते हैं।

# तीन सप्ताह में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वहां कानून-व्यवस्था बिगड़ने का खतरा है।

इस पर अदालत ने कहा कि, कानून-व्यवस्था संभालना राज्य सरकार का काम है, लेकिन इसकी आड़ में अदालती आदेशों की अवमानना नहीं की जा सकती। यह पानी किसी जाति विशेष के लिए नहीं है, बल्कि गांव में रहने वाले सभी लोगों के लिए है। राज्य सरकार इस क्षेत्र में वंचित रहे गांवों को भी पानी पहुंचाने के लिए अतिरिक्त लिफ्ट परियोजना के प्रस्ताव को जल्द लागू कर सकती है। हाईकोर्ट ने जलदाय विभाग को समय देने के आग्रह को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि अब समय नहीं दिया जाएगा। कोर्ट ने चेतावनी दी कि 26 मई, 2026 तक आदेश की पालना नहीं हुई, तो कार्रवाही की जाएगी। गौरतलब है कि अदालती आदेशों पर पांचना बांध से पानी छोड़ने का काम वर्ष 2022 में शुरू होना था।

# सिक्किम भारत की पहली पेपरलैस न्यायपालिका बनी

गंगटोक, 01 मई। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सिक्किम को देश की पहली कागज रहित राज्य न्यायपालिका घोषित किया। राजधानी गंगटोक के चिंतन भवन में शुक्रवार से शुरू तकनीकी और न्यायिक शिक्षा पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य न्यायाधीश ने उक्त घोषणा की। साथ ही उन्होंने न्यायमूर्ति ए. मुहम्मद मुस्ताक को बधाई दी, जिनके कार्यकाल में सिक्किम उच्च न्यायालय ने देश का पहला कागज रहित उच्च न्यायालय होने का गौरव हासिल किया।

सिक्किम उच्च न्यायालय और भारत के उच्चतम न्यायालय की ई-समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह सम्मेलन दो दिनों तक राजधानी के चिंतन भवन और सम्मान भवन में आयोजित किया जा रहा है,

- **गंगटोक के चिंतन भवन में दो दिवसीय सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने यह घोषणा की।**

जिसका उद्देश्य न्याय प्रणाली को मजबूत करने और कानूनी शिक्षा के विकास में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर चर्चा करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि दूरस्थ भूगोल के कारण अदालतों तक पहुंच मुश्किल होता है और बुनियादी ढ ांचे के विकास एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ न्याय तक पहुंच अब आसान होती जा रही है।

# ईरान वॉर से अमेरिका में ट्रंप ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नॉर्क और अन्य सर्वेक्षणों के अनुसार, ट्रम्प की कुल अनुमोदन रेटिंग 33-36 प्रतिशत के बीच है, जबकि असहमति लगातार 60 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। प्रमुख आर्थिक संकेतकों, जो कभी उनकी राजनीतिक ताकत माने जाते थे, में भी जबरदस्त गिरावट देखी गई है। अर्थव्यवस्था के प्रबंधन का अनुमोदन 30 प्रतिशत तक गिर गया है, जबकि जीवन यापन की लागत पर रेटिंग और भी कम हैं।

राजनीतिक क्षति केवल व्यापक मतदाता वर्ग तक सीमित नहीं है। रिपब्लिकन कार्यकर्ताओं में, विशेष रूप से स्वतंत्र और सामान्य समर्थकों के बीच, थकावट एवं ऊब के संकेत दिखाई दे रहे हैं। जबकि ट्रम्प को अभी भी अपने "बेस" से मजबूत समर्थन मिल रहा है, लगभग 83 प्रतिशत रिपब्लिकन उनके नेतृत्व को सही मानते हैं, लेकिन जैसे-जैसे आर्थिक दबाव बढ़ रहे हैं और युद्ध जारी है, दरारें दिखने लगी हैं। रिपोर्टों के अनुसार, कुछ मतदाता महँगाई, बढ़ती ईंधन कीमतों और ईरान में स्पष्ट रणनीति की कमी को लेकर असंतुष्ट हो रहे हैं।

विदेश नीति, जो पारंपरिक रूप से राष्ट्रपति के लिए शक्ति मजबूत करने का क्षेत्र होती है, अब उनकी कमज़ोरी सिद्ध हो रही है। मतदान औसत बताते हैं कि केवल लगभग 39 प्रतिशत लोग ट्रम्प की विदेश नीति को सही मानते हैं, जबकि बहुमत असहमति में हैं। ईरान का मुद्दा विशेष रूप से न केवल डेमोक्रेट्स की, बल्कि रिपब्लिकन पार्टी के कुछ हिस्सों की भी आलोचना झेल रहा है, जो इसे आर्थिक रूप से महंगा और रणनीतिक रूप से अनिश्चित मानते हैं।

युद्ध के आर्थिक प्रभाव ने राजनीतिक चुनौती को और बढ़ा दिया है। होर्मुज़ स्ट्रेट के माध्यम से तेल के आवागमन में व्यवधान ने ऊर्जा की कीमतों को बढ़ाया, जिससे घरेलू महँगाई बढ़ी और ट्रम्प के आर्थिक स्थिरता के वादे को कमज़ोर किया। इससे एक फीडबैक लूप पैदा हो गया। दरअसल युद्ध आर्थिक विश्वास को कमज़ोर करता है और आर्थिक चिंता राजनीतिक समर्थन को कम करती है।

इन दबावों को और बढ़ाने वाली चीज है, परसेप्शन की समस्या। सर्वेक्षण बताते हैं कि केवल लगभग 26 प्रतिशत अमेरिकी ट्रम्प को "संतुलित स्वभाव वाला" मानते हैं। यह निष्कर्ष संकट के समय उनकी नेतृत्व शैली और निर्णय लेने के बारे में चिंताओं को दर्शाता है। राजनीतिक विवाद, आक्रामक बयानबाजी से लेकर प्रशासनिक परिवर्तन तक, ने इस छवि को मजबूत किया तथा उनकी अस्थिर सोच वाली छवि का पक्का किया।

कुल मिलाकर, ये रुझान एक तनावपूर्ण राष्ट्रपति काल की ओर इंगित करते हैं। ट्रम्प की अनुमोदन रेटिंग में भारी ध्रुवीकरण हो रहा है, लेकिन पार्टियों से लगाव न रखने वाले मतदाताओं, स्वतंत्र और कम प्रतिबद्ध रिपब्लिकन वोटरों, में गिरावट का प्रभाव चुनावी रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है। मध्यावधि चुनावों के पास आते ही, रिपब्लिकन रणनीतिकार चिंतित हैं कि युद्ध की थकान, आर्थिक दबाव और नेतृत्व की चिंताएँ नुकसान में बदल सकती हैं।

फिर भी, ट्रम्प के राजनीतिक लचीलेपन को कम नहीं आंकना चाहिए। उन्होंने पहले भी कम अनुमोदन वाले दौर में अपने बफादार "बेस" को बनाए रखते हुए स्थितियों को संभाला है। सवाल अब यह है कि क्या यह बेस उस स्थिति में पर्याप्त है, जब जनता में व्यापक में असंतोष बढ़ रहा है।

इस प्रकार, ईरान युद्ध सिर्फ एक विदेश नीति चुनौती नहीं रह गया है, यह राजनीतिक मोड़ का बिंदु बन गया है। यह न केवल देश से बाहर अमेरिकी शक्ति की सीमा को परख रहा है, बल्कि घरेलू स्तर पर ट्रम्प के समर्थन के बने रहने की परीक्षा भी ले रहा है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908